# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित





5 नवरात्रि के दौरान खाने को लेकर आलोचना के घेरे में आएं तेजस्वी यादव

6 कांग्रेस का घोषणा पत्र सही में जिन्नावादी है क्या?

7 जान्हवी ने शिखर पहाड़िया से किया प्यार का इजहार




## फर्स्ट टेक

### 10 नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्यों को धनखड़ ने शपथ दिलाई

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत के उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को संसद के उच्च सदन के 10 नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। जिन लोगों को शपथ दिलाई गई उनमें मयंकभाई जयदेवभाई नायक, नारायणसा के. भंडागे, मिलिंद मुरली देवड़ा, अजीत माधवराव गोपछड़े, रेणुका चौधरी, अमरपाल मौर्य, संजय सेठ, रामजी लाल सुमन, सागरिका घोष और ममता ठाकुर शामिल हैं। इन सदस्यों को नये संसद भवन में शपथ दिलाई गई।

### भारत अफ्रीका, एशिया के कुछ और देशों में रक्षा अताशे तैनात करेगा

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत पहली बार प्रमुख क्षेत्रों के साथ रणनीतिक संबंधों का विस्तार करने की अपनी व्यापक नीति के अनुरूप इथियोपिया, मोजाम्बिक, आइवरी कोस्ट, फिलीपीन, आर्मीनिया और पोलैंड सहित कई देशों में रक्षा अताशे तैनात करेगा। सूत्रों ने बताया कि भारत अफ्रीकी देश जिबूती के लिए एक नया रक्षा अताशे भी नियुक्त कर रहा है, जो लाल सागर और अदन की खाड़ी के आसपास एक प्रमुख समुद्री प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करता है और सैन्य अड्डों के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान माना जाता है।

### गाजा में मानवीय सहायता लिए इजराइल के प्रयास पर्याप्त नहीं : बाइडन

**तेल अवीव/एपी।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने बुधवार को कहा कि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू गाजा में मानवीय सहायता की पहुंच को बढ़ाने के लिए पर्याप्त प्रयास नहीं कर रहे हैं। बाइडन ने व्हाइट हाउस में कहा, ''हम देखेंगे कि उन्होंने (नेतन्याहू) मुझसे किये वादों को पूरा करने के सिलसिले में क्या-क्या किया।'' बाइडन और नेतन्याहू के बीच पिछले सप्ताह हुई बातचीत के बाद से ट्रकों की आवाजाही बढ़ गयी है।

### टेस्ला के सीईओ एलन मस्क भारत दौरे पर आएंगे

**नई दिल्ली/भाषा।** अमेरिकी इलेक्ट्रिक कार निर्माता टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क ने बुधवार को अपनी आगामी भारत यात्रा की पुष्टि की। भारत दौरे के दौरान मस्क के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी मिलने की संभावना है। मस्क ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''भारत में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के लिए उत्सुक हूं।'' इससे पहले, सूत्रों ने कहा कि मस्क के 22 अप्रैल के सप्ताह में भारत आने की उम्मीद है।

| | |
|---|---|
| 11-04-2024 सूर्यास्त 5:57 बजे | 12-04-2024 सूर्योदय 6:21 बजे |
| BSE 75,038.15 (+354.45) | NSE 22,753.80 (+111.05) |
| सोना 7,207 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 84,000 रु. प्रति किलो |

## देश के एक और विभाजन की कोशिश कर रही है कांग्रेस : शाह



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गया/एजेन्सी।** केंद्रीय गृह मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने कांग्रेस पर देश का एक और विभाजन कराने का प्रयास करने का आरोप लगाया और कहा कि लेकिन नरेंद्र मोदी सरकार ऐसा नहीं होने देगी। शाह ने औरंगाबाद और गया लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवारों सुशील सिंह और जीतनराम मांझी के समर्थन में औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र में आने वाले गया जिला के गुरारू विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, हाल ही में कांग्रेस सांसद ने उत्तर और दक्षिण भारत के विभाजन की वकालत की। यह बेहद दुखद और शर्मनाक है कि कांग्रेस ने अपने सांसद के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में मुस्लिम पर्सनल लॉ को वापस लाने का वादा किया है, जिसका मतलब है कि पार्टी तीन तलाक का समर्थन करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) दोनों अनुच्छेद 370 को हटाने के किसी भी कदम का कड़ा विरोध कर रहे थे। उन्होंने लोगों से पूछा कि क्या इसे खत्म किया जाना चाहिए था या नहीं। इस पर लोगों ने हां में जवाब दिया। शाह ने कहा कि पीएफआई लंबे समय से देश की एकता और अखंडता के खिलाफ काम करने वाला संगठन है और इस पर पहले ही प्रतिबंध लग जाना चाहिए था लेकिन कांग्रेस ने इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया।

## 'नेशनल हेराल्ड' से जुड़ी संपत्तियों की कुर्की के आदेश बरकरार

**नई दिल्ली/भाषा।** पीएमएलए निर्णायक प्राधिकरण ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा धन शोधन मामले में कांग्रेस से जुड़े 'नेशनल हेराल्ड' अखबार और उससे संबद्ध कंपनियों की लगभग 752 करोड़ रुपये की संपत्ति की कुर्की के आदेश को बुधवार को बरकरार रखा। प्राधिकरण ने अपने आदेश में कहा कि उसका मानना है कि ईडी द्वारा कुर्क की गई चल संपत्ति और इक्विटी शेयर अपराध से अर्जित कमाई हैं और धन शोधन के अपराध से संबंधित हैं। ईडी ने पिछले साल नवंबर में एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) और यंग इंडियन (वाईआई) के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अनंतिम कुर्की आदेश जारी करके इन संपत्तियों को कुर्क किया था। 'नेशनल हेराल्ड' एजेएल द्वारा प्रकाशित किया जाता है और इसका स्वामित्व यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड के पास है।

## उम्मीद है कि भारत व चीन सीमाओं पर शांति बहाल करने में सक्षम होंगे : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारत और चीन के बीच स्थिर और शांतिपूर्ण संबंधों को पूरे क्षेत्र एवं दुनिया के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उम्मीद जताई है कि कूटनीतिक और सैन्य स्तरों पर सकारात्मक और रचनात्मक द्विपक्षीय संबंधों के माध्यम से दोनों देश अपनी सीमाओं पर शांति बहाल करने और उसे बनाए रखने में सक्षम होंगे।

अमेरिका की न्यूजवीक पत्रिका को दिए एक साक्षात्कार में मोदी ने कहा कि भारत के लिए चीन के साथ संबंध महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, ''मेरा यह मानना है कि हमें अपनी सीमाओं पर लंबे समय से बनी स्थिति से तत्काल निपटने की जरूरत है ताकि हमारी द्विपक्षीय बातचीत में असामान्यता को पीछे छोड़ा जा सके। भारत और चीन के बीच स्थिर और शांतिपूर्ण संबंध न केवल हम दोनों देशों के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र और दुनिया के लिए महत्वपूर्ण हैं। मोदी ने कहा, ''मुझे उम्मीद और भरोसा है कि कूटनीतिक एवं सैन्य स्तर पर सकारात्मक एवं रचनात्मक बातचीत के जरिए हम अपनी सीमाओं पर शांति बहाल करने और वहां स्थिरता बनाए रखने में सक्षम होंगे। न्यूयॉर्क स्थित पत्रिका के साथ विस्तृत साक्षात्कार के दौरान, प्रधानमंत्री ने आगामी लोकसभा चुनाव, पाकिस्तान के साथ संबंधों, क्वाड, राम मंदिर और लोकतंत्र सहित विभिन्न मुद्दों पर बात की।

पाकिस्तान के साथ रिश्तों के बारे में पूछे जाने पर मोदी ने कहा कि उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री को पदभार संभालने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा आतंक और हिंसा से मुक्त माहौल में क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और समृद्धि की वकालत की है।

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को जेल भेजे जाने पर मोदी ने कहा, 'मैं पाकिस्तान के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी नहीं करूंगा।

### दिल्ली के मंत्री

## राज कुमार आनंद ने मंत्रिमंडल से इस्तीफा दिया

### आम आदमी पार्टी भी छोड़ी



**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली के मंत्री राज कुमार आनंद ने आम आदमी पार्टी (आप) में दलितों को उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए बुधवार को मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया और पार्टी छोड़ दी। समाज कल्याण समेत विभिन्न विभाग संभालने वाले आनंद ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि 'आप' के शीर्ष नेताओं में कोई दलित नहीं है। उन्होंने कहा, यह पार्टी दलित विधायकों, पार्षदों और मंत्रियों का सम्मान नहीं करती। ऐसे में सभी दलित ठगा हुआ महसूस करते हैं। हम एक समावेशी समाज में रहते हैं, लेकिन अनुपात के बारे में बात करना गलत नहीं है। इन सभी चीजों के साथ मेरे लिए पार्टी में बने रहना मुश्किल है। इसलिए मैं पद से इस्तीफा दे रहा हूं। उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर भी कटाक्ष किया। केजरीवाल आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद तिहाड़ जेल में हैं। पटेल नगर सीट से विधायक आनंद ने कहा, जंतर मंतर से, अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि राजनीति बदलते ही देश बदल जायेगा। राजनीति नहीं बदली है, लेकिन राजनीतिज्ञ बदल गए हैं।

## सेंसेक्स पहली बार 75,000 अंक के पार हुआ बंद, निफ्टी भी नए शिखर पर

**मुंबई/भाषा।** घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 354 अंक चढ़कर पहली बार 75,000 अंक के स्तर से ऊपर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। मुख्य रूप से दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी), ऊर्जा तथा धातु शेयरों में लाभ से बाजार में तेजी रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 354.45 अंक यानी 0.47 प्रतिशत की बढ़त के साथ अपने अबतक के उच्चतम स्तर 75,038.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 421.44 अंक की तेजी के साथ 75,105.14 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। एनएसई निफ्टी भी 111.05 अंक यानी 0.49 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,753.80 अंक के अबतक के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ।

## स्वस्थ लोगों से ही स्वस्थ समाज और स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण होता है : मुर्मू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




नई दिल्ली/भाषा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि होम्योपैथी की स्वीकार्यता एवं लोकप्रियता को और बढ़ाने में अनुसंधान एवं दक्षता की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। मुर्मू ने विश्व होम्योपैथी दिवस पर यहां केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद द्वारा आयोजित दो दिवसीय संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए कहा कि होम्योपैथी को कई देशों में एक सरल और सुलभ उपचार पद्धति के रूप में अपनाया गया है। उन्होंने भारत में होम्योपैथी के प्रचार-प्रसार में योगदान देने के लिए आयुष मंत्रालय, केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद, राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग, राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान और इस प्रकार के अन्य संस्थानों की सराहना की और कहा कि पूरी दुनिया में कई संस्थान अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर पर होम्योपैथी को बढ़ावा दे रहे हैं।

मुर्मू ने कहा, 21वीं सदी में अनुसंधान का महत्व लगातार बढ़ रहा है और इसीलिए इस संगोष्ठी का विषय 'अनुसंधान को सशक्त बनाना, दक्षता बढ़ाना' बहुत प्रासंगिक है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अनुसंधान और दक्षता होम्योपैथी की स्वीकार्यता और लोकप्रियता को और बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगी।

राष्ट्रपति ने कहा कि कई लोग उन लोगों के अनुभवों के बारे में बताते हैं जिन्हें अन्य उपचार पद्धतियों को आजमाने के बाद अंतत: होम्योपैथी से लाभ हुआ है।

मुर्मू ने कहा, लेकिन ऐसे अनुभवों को वैज्ञानिक समुदाय में तभी मान्यता मिल सकती है जब उन्हें तथ्यों और विश्लेषण के साथ प्रस्तुत किया जाये। बड़े पैमाने पर किए गए ऐसे तथ्यात्मक विश्लेषण को प्रामाणिक चिकित्सकीय अनुसंधान कहा जाता है।

## उच्च न्यायालय ने संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराधों की सीबीआई जांच के आदेश दिए



**कोलकाता/भाषा।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराध और भूमि पर कब्जा करने के आरोपों की जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराने के बुधवार को आदेश दिए। हाल में इन आरोपों को लेकर संदेशखालि में व्यापक प्रदर्शन हुए थे। मुख्य न्यायाधीश टी एस शिवज्ञानम की अगुवाई वाली खंडपीठ ने कहा कि जांच अदालत की निगरानी में की जायेगी। साथ ही, उन्होंने सीबीआई को राजस्व रिकॉर्ड का गहन निरीक्षण और कथित रूप से भू-उपयोग परिवर्तन का निरीक्षण करने के बाद एक व्यापक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। आरोपों के अनुसार, मछली पालन के लिए कृषि भूमि के उपयोग को जल निकायों में अवैध रूप से परिवर्तित किया गया।

अदालत ने सीबीआई को निर्देश दिया कि वह संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन हड़पने के आरोपों की जांच करे और सुनवाई की अगली तारीख पर एक व्यापक रिपोर्ट पेश करे।



## राष्ट्रधर्म सर्वोपरि, आस्था भी आड़े आयी तो दरकिनार होगी : योगी

**कठुआ/एजेन्सी।** राष्ट्रधर्म को सर्वोपरि बताते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि उनकी व्यक्तिगत आस्था भी अगर राष्ट्रधर्म के आड़े आयेगी तो उसे दरकिनार कर दिया जायेगा।

उधमपुर से सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी डॉ. जितेंद्र सिंह के पक्ष में कठुआ के स्पोर्ट्स स्टेडियम में जनसभा को संबोधित करते हुये योगी ने आज कहा कि कांग्रेस की सत्तालोलुपता ने आजादी के एक दिन पहले देश का विभाजन कराया था, लेकिन हमने स्वतंत्र भारत में हमेशा एक ही धर्म माना, वह है राष्ट्रधर्म। राष्ट्र हमारे लिए सर्वोपरि है। मेरी व्यक्तिगत आस्था कुछ भी होगी, यदि वह राष्ट्र के मार्ग में बाधक है तो उसे दरकिनार कर दिया जाएगा। मेरे लिए देश की स्वतंत्रता, संप्रभुता व अखंडता सर्वोपरि है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने राम-कृष्ण के अस्तित्व पर सवाल खड़ा कर हमारे आराध्य देवों को नकारने का प्रयास किया। एक्सीडेंटल हिंदुओं ने राम-कृष्ण पर भी सवाल खड़े कर दिए थे, लेकिन आज अयोध्या में भव्य मंदिर का निर्माण भी हो गया। अयोध्या में साक्षात त्रेतायुग के दर्शन हो रहे हैं।

काशी में काशी विश्वनाथ धाम बन गया है। पहले संकरी गली थी, बमुश्किल पांच लोग जा पाते थे पर आज एक साथ 50 हजार श्रद्धालु भी आ जाएं तो कोई समस्या नहीं है।

## भाजपा ने नौ उम्मीदवारों की 10वीं सूची जारी की

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को नौ उम्मीदवारों की 10वीं सूची जारी कर दी। पार्टी ने इलाहाबाद, चंडीगढ़ और फूलपुर के मौजूदा सांसदों का टिकट काटकर उनके स्थान पर नए चेहरों पर भरोसा जताया है। पार्टी ने बलिया से मौजूदा सांसद वीरेन्द्र सिंह 'मस्त' के स्थान पर पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के बेटे नीरज शेखर को मैदान में उतारा है। भाजपा ने उम्मीदवारों की अपनी 10वीं सूची में कुल नौ लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की जिसमें उत्तर प्रदेश की सात और चंडीगढ़ तथा पश्चिम बंगाल की एक-एक सीट शामिल है। पार्टी की ओर से जारी सूची के मुताबिक भाजपा ने मैनपुरी से समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार डिंपल यादव के खिलाफ उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री जयवीर सिंह ठाकुर को उम्मीदवार बनाया है। इलाहाबाद की सांसद रीता बहुगुणा जोशी के स्थान पर नीरज त्रिपाठी, बलिया से सांसद वीरेंद्र सिंह 'मस्त' के स्थान पर पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के पुत्र नीरज शेखर और चंडीगढ़ से




## राजस्थान रॉयल्स को तीन विकेट से गुजरात टाइटंस ने हराया

### इंडियन प्रीमियर लीग 2024

**जयपुर/वार्ता।** शुभमन गिल 72 रन, साई सुदर्शन 35 रन और आखिरी ओवरों में राहुल तेवतिया और राशिद खान की तूफानी पारियों की बदौलत गुजरात टाइटंस ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 24वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को तीन विकेट से हरा दिया है।

गुजरात टाइटंस ने 197 रनों के लक्ष्य का पीछा करने के लिए सधी हुई शुरुआत की। साई सुदर्शन और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट लिये 64 रन जोड़े। नौवें ओवर में कुलदीप सेन ने साई सुदर्शन के पगबाधा कर गुजरात को पहला झटका दिया। सुदर्शन ने 29 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 35 रन बनाये। उसके बाद मैथ्यू वेड चार रन, अभिनव मनोहर एक रन का भी शिकार कुलदीप सेन ने किया। विजय शंकर 16 रन और शाहरुख खान 14रन बनाकर आउट हुये। शुभमन गिल ने टीम के लिए 44 गेंदों में छह चौके और दो छक्के लगाते हुए सर्वाधिक 72 बनाये। राहुल तेवतिया ने 11 गेंद पर तीन चौकों की मदद से 22 रन बनाये। राशिद खान 24 रन बनाकर नाबाद रहे। गुजरात ने 20 ओवर में सात विकेट पर 199 रन बनाकर कर मुकाबला तीन विकेट से जीत लिया।

राजस्थान की ओर से कुलदीप सेन ने तीन विकेट लिये। युज़वेंद्र चहल को दो विकेट मिले। आवेश खान ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले रियान पराग के नाबाद 76 रन और कप्तान संजू सैमसन की नाबाद 68 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारियों के दम पर राजस्थान रॉयल्स ने गुजरात टाइटंस को जीत के लिए 197 रनों का लक्ष्य दिया था।

आज यहां सवाई मानसिंह स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान की शुरुआत खराब रही और उसने पांचवें ओवर में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल 24 रन का विकेट गवां दिया। उसके बाद जॉस बटलर भी आठ बनाकर पवेलिय लौट गये।

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### प्रार्थना और दुआ

रमजान महीना है पवित्र,
रब की है गूंज सदाओं में।
हो रहा सुवासित रोम-रोम,
फैली है गंध हवाओं में।
आए मां के नवराते भी,
सुख सपना जगा निगाहों में।
हम करें प्रार्थना खुशियों की,
होता है असर दुआओं में।।




# आदि कैलाश, ओम पर्वत का हेलीकॉप्टर दर्शन करायेगी थॉमस कुक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** देश में आध्यात्मिक पर्यटन की मांग बढ़ने के बीच थॉमस कुक इंडिया और उसकी समूह कंपनी एसओटीसी ट्रैवल ने उत्तराखंड में आदि कैलाश और ओम पर्वत के हेलीकॉप्टर दर्शन की पेशकश की है।

कंपनी ने बुधवार को इस संबंध में उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड के साथ साझेदारी की घोषणा की। इस पांच-दिवसीय आध्यात्मिक यात्रा की दर 90,000 रुपए प्रति यात्री रखी गई है। इस पर उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड की तरफ से सब्सिडी दी जाती है।

इस आध्यामिक यात्रा का आधार शिविर उत्तराखंड में स्थित पिथौरागढ़ होगा। दूसरे दिन से दर्शन का सिलसिला शुरू होगा। दूसरे दिन मनोकामना मंदिर के दर्शन और तीसरे दिन आदि कैलाश एवं ओम पर्वत के दर्शन कराये जायेंगे। इस यात्रा के हरेक समूह में 14 लोग शामिल होंगे।

थॉमस कुक इंडिया ने बयान में कहा कि इस पैकेज में आदि कैलाश और ओम पर्वत के लिए हेलीकॉप्टर से दर्शन की सुविधा, पार्वती सरोवर मंदिर जाने के लिए एक एटीवी (सभी तरह की सतह पर चलने वाला वाहन) और खानपान शामिल हैं।

थॉमस कुक (इंडिया) लिमिटेड के अध्यक्ष एवं कंट्री प्रमुख (छुट्टियां, वीज़ा) राजीव काले ने कहा, हमारा उद्देश्य अभी तक कम सामने आये पवित्र स्थलों को उजागर कर भारत में आध्यात्मिक पर्यटन को नए सिरे से परिभाषित करना है।

थॉमस कुक और एसओटीसी के आंकड़े बताते हैं कि देश में आध्यात्मिक पर्यटन सालाना आधार पर 100 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है।

# मोदी के सत्ता में आने के बाद चिकित्सा के क्षेत्र में हुए ऐतिहासिक बदलाव : डॉ. मंजूनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बेंगलूरु।** बेंगलूरु ग्रामीण सीट से भाजपा के लोकसभा चुनाव उम्मीदवार डॉ. सीएन मंजूनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने के बाद चिकित्सा के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक बदलाव हुए हैं। उन्होंने भाजपा के चुनाव मीडिया सेंटर में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि आजादी के समय जीवन प्रत्याशा 37 वर्ष थी और अब यह लगभग 70 वर्ष है। चिकित्सा के क्षेत्र में कई सुधार हुए हैं। उन्होंने विश्लेषण करते हुए बताया कि उपचार व्यवस्था भी अच्छी चल रही है।

डॉ. मंजूनाथ ने कहा कि मोदी के सत्ता संभालने से पहले देश में 5 एम्स थे। आज 23 एम्स हैं। भारत में दिल का दौरा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, स्ट्रोक, कैंसर सहित कई बीमारियां बढ़ी हैं। अब 40 साल से कम उम्र के लोग दिल के दौरे से पीड़ित हो रहे हैं। इसे रोकने के लिए एंजियोप्लास्टी या स्टेंट का उपयोग किया जाता है। मोदी के सत्ता में आने से पहले स्टेंट की कीमत 1 लाख 70 हजार थी। अब इसे घटाकर 30 हजार रुपए कर दिया गया है डॉ. मंजूनाथ ने कहा कि भारत में हर साल 30 लाख लोग दिल के दौरे से पीड़ित होते हैं। यह सिर्फ अमीरों की बीमारी नहीं है। गरीब भी इससे पीड़ित होते हैं। स्टेंट की कीमतों में कमी से कई लोगों को फायदा हुआ है। हमारे देश में 14 करोड़ लोग मधुमेह से पीड़ित हैं। अन्य 14 करोड़ लोग प्री-डायबिटिक हैं। डॉ. मंजूनाथ ने हाई बीपी, डायबिटीज, हार्ट अटैक के मरीजों को दवाइयां लेने की सलाह देते हुए कहा कि गरीबों को दवाइयां सुलभ कराने के लिए प्रधानमंत्री ने जन औषधि केंद्र खोले हैं। इससे दवाइयां सस्ती कीमतों पर उपलब्ध हो रही हैं। कर्नाटक में 1,120 जन औषधि केंद्र हैं। उन्होंने कहा कि यहां 1,000 रु. की दवाई 100 से 150 रु. में मिलती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी कोविड संकट से निपटने के मोदी के तरीके की सराहना की है। हमने अमेरिका, जापान, चीन, यूरोप से बेहतर ढंग से कोविड को संभाला है। एक राष्ट्रीय-राज्य टास्क फोर्स टीम बनाकर और नियमित आभासी बैठकें आयोजित करके इस स्थिति से निपटा। लोगों को 270 करोड़ वैक्सीन डोज दिए गए। डॉ. मंजूनाथ ने कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए कदमों से स्वास्थ्य क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण बदलाव आए हैं।



# पूरे जम्मू-कश्मीर में मनाया गया ईद-उल-फितर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**श्रीनगर/जम्मू/भाषा।** पूरे जम्मू-कश्मीर में बुधवार को ईद-उल-फितर पारंपरिक उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कश्मीर में डल झील के किनारे हजरतबल दरगाह पर बड़ी संख्या में ज़ायरीन एकत्र हुए।

तत्कालीन जम्मू-कश्मीर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती उन लोगों में शामिल थे, जिन्होंने मस्जिद में नमाज़ अदा की। हजरतबल में नमाज़ अदा करने के बाद अब्दुल्ला ने कहा, फलस्तीनियों का नरसंहार किया जा रहा है, लेकिन मुस्लिम सरकारें चुप हैं। मुझे उम्मीद है कि वे जागेंगे और मानवता की इस हत्या पर अपनी चुप्पी तोड़ेंगे। भारत-पाकिस्तान संबंधों पर उन्होंने कहा कि दोनों देश तभी प्रगति कर सकते हैं जब उनके बीच मैत्रीपूर्ण संबंध हों। अब्दुल्ला ने कहा, अगर हमारे बीच शत्रुतापूर्ण और टकराव वाले रिश्ते हैं तो हम प्रगति नहीं कर सकते। अधिकारियों ने पुराने श्रीनगर शहर की ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में श्रद्धालुओं को नमाज अदा करने की अनुमति नहीं दी। कश्मीर के मीरवाइज उमर फारूक जामिया मस्जिद में ईद पर खुतबा(उपदेश) देने वाले थे लेकिन उन्हें सामूहिक नमाज़ से पहले घर में नजरबंद कर दिया गया। मुफ़्ती ने ईद की नमाज़ के लिए जामिया मस्जिद को बंद करने की निंदा करते हुए कहा, यह धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप है। ईद-उल-फितर रमज़ान महीना संपन्न होने का प्रतीक है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने इस अवसर पर लोगों को शुभकामनायें दीं। उन्होंने कहा, यह शुभ दिन हमें मानवता की सेवा के लिए समर्पित होने के लिए प्रेरित करता है।



# मलयाली फिल्म निर्माता गांधीमति बालन का निधन

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** प्रख्यात फिल्म निर्माता और केरल चलचित्र अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष गांधीमति बालन का बुधवार को यहां निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 66 वर्षीय बालन कुछ बीमारियों का इलाज करा रहे थे और उन्होंने यहां एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। बालन कई बेहतरीन मलयाली फिल्मों जैसे पंचवड़ी पालम, थूवनाथुम्बीकल, नोम्बरथी पूवु, सुखामो देवी और मून्नम पक्कम के निर्माता रहे। दशकों लंबे फिल्मी करियर के दौरान उन्होंने 30 से अधिक फिल्मों का निर्माण और वितरण किया था। दिग्गज फिल्म निर्माता दिवंगत पद्मराजन के साथ उनका जुड़ाव भी इंडस्ट्री में काफी मशहूर हुआ करता था। बालन के परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। नेता प्रतिपक्ष वी. डी. सतीशन समेत कई प्रमुख व्यक्तियों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया।

# फोन कॉल या ईमेल के माध्यम से कभी व्यक्तिगत जानकारी का अनुरोध नहीं करते : फेडएक्स

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

FedEx

**बेंगलूरु।** अंतरराष्ट्रीय कूरियर सेवा प्रदान करने वाली दिग्गज कंपनी 'फेडएक्स' ने बुधवार को कहा कि वह सामान की आपूर्ति के लिए कभी भी अनचाहे फोन कॉल, मेल या ईमेल के माध्यम से व्यक्तिगत जानकारी देने का अनुरोध नहीं करती है। कंपनी का यह बयान बेंगलूरु की एक 29 वर्षीय महिला वकील द्वारा हाल ही में पुलिस में शिकायत दर्ज कराने के बाद आया है।

महिला ने शिकायत में कहा है कि उसे एक व्यक्ति ने खुद को फेडएक्स का कार्यकारी बताकर फोन किया था जिसके बाद उसे तीन से पांच अप्रैल तक दो दिन के लिए 'डिजिटली गिरफ्तार' कर लिया गया।

कंपनी की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, ''फेडएक्स भेजे जा रहे या रखे गए सामान के लिए अनचाहे फोन कॉल, मेल या ईमेल के माध्यम से व्यक्तिगत जानकारी देने का अनुरोध नहीं करता है, जब तक कि ग्राहकों द्वारा इसके लिए अनुरोध या पहल नहीं की जाती है।''

'डिजिटल गिरफ्तारी' वह स्थिति है जब खुद को सुरक्षा अधिकारी बताने वाले जालसाज लगातार अपने शिकार पर ऑनलाइन नजर रखते हैं।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि वे उन्हें एक कमरे में सीमित कर देते हैं और उनकी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए उन्हें मोबाइल या कंप्यूटर कैमरा चालू रखने के लिए मजबूर करते हैं। जालसाज ने पीड़िता को बताया कि उनके नाम पर एक पार्सल मुंबई से थाईलैंड भेजा गया है जिसमें पांच पासपोर्ट, तीन क्रेडिट कार्ड और 140 सिंथेटिक मादक पदार्थ (एमडीएमए) पाए गए हैं।

# भाजपा हमारे मंत्रियों, विधायकों को तोड़ने के लिए ईडी, सीबीआई का इस्तेमाल कर रही : आप

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**नई दिल्ली/भाषा।** आम आदमी पार्टी (आप) ने बुधवार को दावा किया कि दिल्ली के मंत्री राजकुमार आनंद का इस्तीफा उसके इस रुख की पुष्टि करता है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का उद्देश्य पार्टी को खत्म करना है। आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि भाजपा ''हमारे मंत्रियों और विधायकों को तोड़ने के लिए ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने कहा, यह आप के मंत्रियों और विधायकों की अग्निपरीक्षा है।

समाज कल्याण सहित विभिन्न मंत्रालय संभाल रहे आनंद ने पार्टी में दलितों को प्रतिनिधित्व नहीं दिए जाने का आरोप लगाते हुए दिल्ली कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया और पार्टी भी छोड़ दी।

सिंह ने जोर देकर कहा कि हालांकि इस्तीफे से पार्टी के कुछ कार्यकर्ता हतोत्साहित हो सकते हैं, लेकिन आम आदमी पार्टी काफी हद तक संगठन को तोड़ने की कोशिशों के खिलाफ मजबूती से खड़ी रहेगी।

दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने दावा किया कि आनंद को आप छोड़ने की धमकी दी गई होगी।

सिंह ने कहा कि भाजपा आनंद को उस वक्त भ्रष्ट कहा करती थी, जब उनके खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापा मारा था, लेकिन अब पार्टी (भाजपा) उन्हें माला पहनाकर अपने खेमे में स्वागत करेगी।

# एयर इंडिया की छोटे विमानों के कुछ पायलटों को विस्तारा में भेजने की योजना

**नई दिल्ली/भाषा।** टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया अपने छोटे आकार के ए320 विमानों के कुछ पायलटों को विस्तारा में भेजने की योजना बना रही है। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। विस्तारा पिछले कुछ समय से पायलटों की कमी से जूझ रही है। इन पायलटों को प्रतिनियुक्ति पर भेजा जायेगा। इसके लिए जरूरी नियामकीय मंजूरियां ली जायेंगी। हालांकि, इस संबंध में एयर इंडिया और विस्तारा ने कोई बयान नहीं दिया है।

सूत्रों ने पीटीआई-भाषा से कहा कि ए320 विमानों का परिचालन करने में सक्षम कुछ 'प्रथम अधिकारियों'(पायलटों) को प्रतिनियुक्ति पर विस्तारा में भेजा जायेगा। सूत्रों ने कहा कि विस्तारा में प्रतिनियुक्ति में भेजे जाने वाले इन पायलटों की संख्या 30 से कुछ ज्यादा हो सकती है। एक सूत्र ने कहा कि पहली बार एयर इंडिया के पायलट को छोटे आकार वाले विमान




का परिचालन करने के लिए विस्तारा में प्रतिनियुक्ति पर भेजा जायेगा। विस्तारा के चौड़े आकार के विमानों के लिए एयर इंडिया के 24 पायलटों को पहले से ही प्रतिनियुक्ति पर भेजा जा चुका है। इनमें 16 कमांडर और आठ प्रथम अधिकारी हैं। टाटा समूह और सिंगापुर एयरलाइंस के संयुक्त उद्यम (जेवी) विस्तारा ने पायलटों की समस्या के कारण अपनी परिचालन क्षमता 10 प्रतिशत (25-30) तक घटा दी है।

# दिल्ली हवाईअड्डे पर 35 करोड़ रुपए की हेरोइन बरामद, दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली में सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाईअड्डे से 35 करोड़ रुपए मूल्य की हेरोइन बरामद कर इसकी तस्करी करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक आधिकारिक बयान में बुधवार को यह जानकारी दी गई।

सीमा शुल्क विभाग की ओर से जारी आधिकारिक बयान के मुताबिक तीन अप्रैल को बैंकाक से आने के बाद आरोपियों को पकड़ लिया गया। सीमा शुल्क विभाग ने एक बयान में कहा, बैंकाक से दिल्ली पहुंचने के बाद, दोनों यात्रियों के सामान की जांच करने पर कुल 13 पैकेट मिले, जिनमें से 5.04 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई। बरामद की गई हेरोइन की कीमत करीब 35 करोड़ रुपए बताई जा रही है। दोनों आरोपी तमिलनाडु के रहने वाले हैं। दोनों को गिरफ्तार कर उनके पास से मादक पदार्थ जब्त कर लिया गया है।

# टेस्ला के सीईओ एलन मस्क इसी महीने भारत आएंगे, प्रधानमंत्री मोदी से करेंगे मुलाकात

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली अमेरिकी कंपनी टेस्ला के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क इसी महीने भारत आ रहे हैं। अपनी भारत यात्रा के दौरान वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करेंगे। सूत्रों का कहना है कि इस दौरान मस्क भारत में टेस्ला की निवेश योजनाओं की भी घोषणा कर सकते हैं। एक सूत्र ने कहा कि महीने के तीसरे सप्ताह में होने वाली यात्रा के दौरान मस्क के साथ कंपनी के अन्य अधिकारी भी आ सकते हैं।

मस्क के दौरे की पुष्टि करने के लिए टेस्ला को ईमेल भेजा गया था, जिसका फिलहाल कोई जवाब नहीं आया है। पिछले साल जून में मस्क ने मोदी की अमेरिकी यात्रा के दौरान उनसे मुलाकात की थी। उस समय मस्क ने कहा था कि उन्होंने 2024 में भारत की यात्रा करने की योजना बनाई है। उन्होंने विश्वास जताया था कि टेस्ला जल्द भारतीय बाजार में प्रवेश करेगी। उनकी भारत यात्रा से कुछ सप्ताह पहले सरकार ने एक नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति की घोषणा की है। इसके तहत देश में न्यूनतम 50 करोड़ डॉलर के निवेश के साथ विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने वाली कंपनियों को आयात शुल्क में रियायतें दी जायेंगी। इस कदम का उद्देश्य टेस्ला जैसी प्रमुख वैश्विक कंपनियों को आकर्षित करना है।

# अनिल अंबानी को न्यायालय से मिला एक और झटका

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** एक समय दुनिया के छठे सबसे धनाढ्य व्यक्ति रहे अनिल अंबानी की मुश्किले कम होती नहीं दिख रही हैं। उन्हें ताजा झटका उच्चतम न्यायालय के फैसले से लगा है। फैसले में उनके समूह की कंपनी को 8,000 करोड़ दिए जाने के मध्यस्थता न्यायाधिकरण के निर्णय को खारिज कर दिया गया है। अंबानी 2008 में दुनिया के छठे सबसे अमीर व्यक्ति थे लेकिन बार-बार लगते झटकों के कारण उनकी स्थिति बदल गई और अब वह धनाढ्यों की सूची से बाहर हैं।

अमेरिका के व्हार्टन स्कूल से एमबीए करने वाले 64 वर्षीय अनिल अंबानी चर्चित उद्योगपति धीरूभाई अंबानी के छोटे पुत्र हैं। वह अपने सफल कारोबारी कौशल के मामले में तेजतर्रार स्वभाव के जाने जाते थे। उन्होंने बॉलीवुड अभिनेत्री टीना मुनीम से शादी की और दो साल तक राज्यसभा सदस्य रहे। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में उन्हें अपने कारोबार में कई असफलताओं का सामना करना पड़ा। इन झटकों ने उन्हें अरबपतियों की सूची से बाहर कर दिया। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस प्राइवेट लि. (डीएएमईपीएल) के पक्ष में दिए गए 8,000 करोड़ रुपए के मध्यस्थता न्यायाधिकरण के फैसले को रद्द कर दिया। यह निर्णय 2008 में डीएएमईपीएल (अनिल अंबानी की रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर की अनुषंगी कंपनी) और दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के बीच हुए 'रियायती समझौते' से उत्पन्न विवाद के मामले में था। न्यायालय ने डीएएमईपीएल को मध्यस्थता फैसले के अनुसार दिल्ली मेट्रो रेल द्वारा पहले भुगतान की गई सभी रकम वापस करने को कहा। डीएमआरसी ने रिलायंस इन्फ्रा की इकाई को 3,300 करोड़ रुपए का भुगतान किया था। इसे अब वापस करना है।

अनिल अंबानी की रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर लि. ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उच्चतम न्यायालय के आदेश से उसपर कोई देनदारी नहीं बनती है। कंपनी ने कहा, रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर यह स्पष्ट करना चाहती है कि न्यायालय के 10 अप्रैल, 2024 को पारित आदेश में कंपनी पर कोई दायित्व नहीं डाला गया है और कंपनी को मध्यस्थता निर्णय के तहत डीएमआरसी/ डीएएमईपीएल से कोई पैसा भी नहीं मिला है।

# महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष की कार को ट्रक ने मारी टक्कर, बाल-बाल बचे पटोले

**मुंबई/भाषा।** कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने बुधवार को बताया कि भंडारा जिले में उनकी कार को एक ट्रक ने टक्कर मार दी थी, हालांकि वह बाल-बाल बच गए। पार्टी ने आरोप लगाया है कि उन्हें जान से मारने का प्रयास किया गया था। पटोले ने बताया कि यह घटना मंगलवार रात को हुई और पुलिस जांच कर रही है कि कहीं यह कोई साजिश तो नहीं थी। उन्होंने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा, कल भंडारा के निकट एक ट्रक ने जानबूझकर हमारी कार को टक्कर मारी। हमें चोट नहीं आई लेकिन वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जनता के आशीर्वाद से मैं सुरक्षित हूं। हमने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और पुलिस पता लगायेगी कि यह हमला था या कुछ और। कांग्रेस की राज्य इकाई के प्रवक्ता अतुल लोंढे ने कहा कि पटोले भंडारा जिले में प्रचार अभियान में थे, जब मंगलवार रात को करदा गांव के निकट एक ट्रक ने उनकी कार को टक्कर मार दी। उन्होंने दावा किया कि ट्रक ने पटोले की कार को टक्कर मारी और उसे कुचलने का प्रयास किया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, यह संदेह पैदा करने वाली बात है कि क्या कोई उन्हें मारना चाहता था। उन्होंने कहा, यह एक गंभीर घटना है। संदेह उठता है कि क्या उन्हें मारने के लिए यह कोशिश की गई थी? क्या भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विपक्ष के नेताओं को खत्म कर चुनाव जीतना चाहती है?'' लोंढे ने कहा कि लोगों की दुआओं की वजह से पटोले सुरक्षित बच गए। महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से 20 मई के बीच पांच चरणों में होंगे। राज्य में कुल 48 लोकसभा सीटें हैं।

# जांच एजेंसियों से सरकार का गठबंधन, विपक्ष के खिलाफ बनाया गया हथियार : कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के कथित शराब घोटाले के मामले में उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद बुधवार को आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और आयकर विभाग के साथ गठबंधन कर रखा है और इन जांच एजेंसियों को विपक्षी नेताओं के खिलाफ हथियार की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। पार्टी प्रवक्ता और वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने यह भी कहा कि जांच एजेंसियों का दुरुपयोग लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। उन्होंने सवाल किया कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बने हुए महीनों हो चुके हैं, उसके बाद भी कथित शराब घोटाले के मामले में अब तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई?

उच्चतम न्यायालय ने छत्तीसगढ़ में 2,000 करोड़ रुपए के कथित शराब घोटाले में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के पूर्व अधिकारी अनिल टुटेजा और उनके बेटे यश के खिलाफ धन शोधन का मामला सोमवार को रद्द करते हुए कहा था कि अपराध से कोई संपत्ति अर्जित नहीं की गई। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने यह उल्लेख करते हुए पिता-पुत्र के खिलाफ शिकायत रद्द कर दी कि उन पर मुख्य अपराध का कोई मामला नहीं है और ना ही धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत कोई मामला बनता है। सिंघवी ने संवाददाताओं से कहा, मोदी सरकार ने ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग के साथ गठबंधन कर रखा है। 10 से 20 प्रतिशत राजनीतिक पहलू वाले मामलों में 99 प्रतिशत मामले विपक्षी नेताओं के खिलाफ होते हैं। वहीं, पार्टी बदल देने पर अचानक सारे मामले रुक या बंद हो जाते हैं। कई बार गिरफ्तारी के बाद लोग सरकारी गवाह बन जाते हैं और सब कुछ सही हो जाता है।

उनका कहना था, छत्तीसगढ़ के तथाकथित शराब घोटाले के मामले में उच्चतम न्यायालय ने कुछ बातें सामने रखी हैं। सबसे पहले न्यायालय ने कहा कि हम पूरा मामला ख़ारिज करते हैं और इसमें तो धनशोधन का मामला भी नहीं बन रहा है। अदालत ने कहा केवल काल्पनिक, कुत्सित राजनीतिक मंशाओं के कारण, शासन-प्रशासन को बदनाम करने, पूर्व मुख्यमंत्री (भूपेश बघेल) पर आरोप लगाने और आयकर विभाग की ताबड़तोड़ छापेमारी के आधार पर इसे ईडी का मामला बनाया गया था। सिंघवी ने दावा किया, यह सब इसलिए किया गया, क्योंकि चुनाव होने थे।

# सीबीएसई छठी, नौवीं और 11वीं कक्षा के लिए 'नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क' शुरू करेगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) 2024-25 शैक्षणिक सत्र से प्रायोगिक रूप से कक्षा छठी, नौवीं और 11वीं के लिए 'नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क' शुरू करेगा और उसने अपने संबद्ध स्कूलों को इसमें भागीदारी के लिए आमंत्रित किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

सरकार ने पिछले साल स्कूल, उच्चतर और व्यावसायिक शिक्षा के निर्बाध एकीकरण को सुनिश्चित करने और छात्रों को पूर्व से अपने 'क्रेडिट' जमा करने की अनुमति देने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी), 2020 के कार्यान्वयन के तहत प्राथमिक से पीएचडी स्तर तक नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क (एनसीआरएफ) शुरू किया था। इसके बाद, सीबीएसई ने भी इसे लागू करने के लिए अपना मसौदा दिशानिर्देश तैयार किया।

सीबीएसई ने स्कूल प्रधानाध्यापकों को लिखे एक पत्र में कहा है, सीबीएसई ने मसौदा एनसीआरएफ कार्यान्वयन दिशानिर्देशों को तैयार कर जारी किया, उन पर कई कार्यशालाओं में चर्चा की और केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय से मंजूरी प्राप्त की। पत्र में कहा गया कि इनकी प्रभावशीलता का परीक्षण और मूल्यांकन करने के लिए इन दिशानिर्देशों का प्रायोगिक कार्यान्वयन किया जाना है। सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों में सत्र 2024-2025 के लिए छठी, नौवीं और 11वीं कक्षा में इसे लागू करने की योजना बनाई गई है। सीबीएसई ने कहा कि इस प्रायोगिक कार्यक्रम में रुचि रखने वाले स्कूलों के प्रधानाध्यापक इस बारे में सूचित कर सकते हैं।

छात्र कक्षा में पठन-पाठन, प्रयोगशाला कार्य, परियोजनाओं, खेल, प्रदर्शन कला, राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी), सामाजिक कार्य, व्यावसायिक शिक्षा और अनुभवात्मक शिक्षा से 'क्रेडिट' अर्जित कर सकते हैं, जिसमें प्रासंगिक अनुभव और अर्जित पेशेवर स्तर शामिल हैं।







# द्रमुक ने तमिलनाडु के लोगों को पुरानी सोच में फंसाये रखा है : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि द्रमुक ने तमिलनाडु को न सिर्फ पुरानी सोच और पुरानी राजनीति में जकड़ कर रखा है बल्कि 'फूट डालो, फूट डालो और फूट डालो' और राज करो के अपने एजेंडा को भी पूरी ताकत से आगे बढ़ा रहा है। वेल्लोर फोर्ट मैदान से वेल्लोर, कृष्णागिरि, धर्मपुरी, अरणी, अरक्कोणम और तिरुवन्नामलाई लोकसभा सीटों के भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने द्रमुक पर भ्रष्टाचार में शामिल होने का भी आरोप लगाया।

द्रमुक की राजनीति पर अफसोस जताते हुए उन्होंने कहा, द्रमुक पारिवारिक राजनीति, भ्रष्टाचार और तमिल विरोधी संस्कृति को आधार बनाकर चुनाव लड़ता है। उन्होंने कहा कि द्रमुक के परिवार ने तमिलनाडु के युवाओं को अस्थिर कर दिया है और व्यवस्थित लूट को बढ़ावा दिया है, जिससे तमिलनाडु विकास से वंचित रह गया है।

उन्होंने कहा, भ्रष्टाचार द्रमुक का कॉपीराइट है। प्रधानमंत्री ने द्रमुक की राजनीति पर हमला करते हुए उल्लेख किया कि पार्टी ने नए संसद भवन में 'पवित्र सेंगोल' की 'स्थापना' का भी बहिष्कार किया था, जो भारत की स्वतंत्रता का संस्थापक प्रतीक है।

उन्होंने कहा, हमारा प्रयास हमेशा तमिल संस्कृति को बढ़ावा देने का रहा है, चाहे वह काशी-तमिल संगमम हो, सौराष्ट्र-तमिल संगमम हो या संयुक्त राष्ट्र में तमिल बोलना हो। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि 21वीं सदी 'विकसित भारत' और 'विकसित तमिलनाडु' के लिए बेहद अहम है। उन्होंने कहा, हमारी सरकार ने इसे सक्षम करने के लिए पिछले 10 साल में अभूतपूर्व विकास की नींव रखी है। हमने कमजोर अर्थव्यवस्था और ढेर सारे घोटालों के बीच बड़े और साहसिक फैसले लिए हैं। आज, जब भारत सभी क्षेत्रों में सर्वोपरि सफलता हासिल कर रहा है, इसमें तमिलनाडु के लोगों की कड़ी मेहनत, प्रतिभा और क्षमता का महत्वपूर्ण योगदान है।

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस-द्रमुक की नीतियों पर तमिलनाडु में मछुआरों के जीवन को लगातार खतरे में डालने का आरोप लगाते हुए, कच्चातिवु द्वीप की दुर्भाग्यपूर्ण उपेक्षा और अनदेखी की ओर भी इशारा किया। उन्होंने कहा, कच्चातिवु द्वीप की उपेक्षा कांग्रेस की एक बड़ी भूल थी, जिससे तमिलनाडु में मछुआरों का जीवन हमेशा के लिए खतरे में पड़ गया है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार भारतीय मछुआरों को वापस लेकर आई। तमिलनाडु के लोगों के लिए 'शक्ति' के महत्व पर जोर देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 'इंडिया' गठबंधन का लक्ष्य तमिलनाडु के लोगों की प्रिय 'शक्ति' को खत्म करना है।

प्रधानमंत्री ने राज्य पर केंद्र सरकार के फोकस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह तमिलनाडु में रक्षा गलियारे को आगे बढ़ा रही है जो राज्य का चेहरा बदल देगा। तमिलनाडु से अंतरिक्ष क्षेत्र में भी कई स्टार्ट-अप हैं जिन्होंने देश की अंतरिक्ष यात्राओं में मदद की है। इससे पहले वेल्लोर के लोगों ने पीएम का जोरदार स्वागत किया।

प्रधानमंत्री ने कहा, मैं वेल्लोर के इतिहास, पौराणिक कथाओं और बहादुरी को नमन करता हूं। वेल्लोर ने अंग्रेजों के खिलाफ एक महत्वपूर्ण क्रांति की, और वर्तमान में, एनडीए के लिए इसका मजबूत समर्थन 'फिर एक बार मोदी सरकार' की भावना दर्शाता है। उन्होंने भाजपा उम्मीदवारों, ए.सी. षणमुगम (वेल्लोर), सौम्या अंबुमणि (धर्मपुरी), बालू (अरक्कोणम), सी.आर. नरसिम्हन (कृष्णागिरी), असुवथमन (तिरुवन्नामलाई), ए. गणेश कुमार (अरानी) का भी परिचय कराया और लोगों से उन्हें वोट देने की अपील की।

## वेल्लोर में गरजे मोदी, बोले - दिल्ली में बैठे लोगों को पता नहीं तमिलनाडु की धरती इतिहास बनाने जा रही

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**वेल्लोर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, कांग्रेस और द्रमुक पार्टी के एक और पाखंड की चर्चा आज पूरा देश कर रहा है। जब कांग्रेस की सरकार थी तब कई दशक पहले इन लोगों ने कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को दे दिया। किस कैबिनेट में ये निर्णय हुआ? किसके फायदे के लिए ये फैसला हुआ? इस पर कांग्रेस की बोलती बंद है।

बीते वर्षों में उस द्वीप के पास जाने पर तमिलनाडु के हजारों मछुआरे गिरफ्तार हुए हैं। उनकी नौकाएं गिरफ्तार कर ली गई हैं। गिरफ्तारी पर कांग्रेस और द्रमुक झूठी हमदर्दी दिखाते हैं लेकिन ये लोग तमिलनाडु के लोगों को ये सच नहीं बताते हैं कि कच्चातिवु द्वीप इन लोगों ने स्वयं श्रीलंका को दे दिया और तमिलनाडु की जनता को अंधेरे में रखा था। एनडीए सरकार ऐसे मछुआरों को निरंतर रिहा कराकर वापस ला रही है।

इतना ही नहीं 5 मछुआरों को श्रीलंका ने फांसी की सजा दे दी थी। मैं उनको भी जिंदा वापस लेकर आया था। द्रमुक और कांग्रेस सिर्फ मछुआरों के नहीं बल्कि देश के भी गुनहगार हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, द्रमुक ने तमिलनाडु और देश के भविष्य, हमारे छोटे-छोटे बच्चों को तक नहीं छोड़ा है। स्कूल तक ड्रग कारोबार का शिकार हो गए हैं। इन ड्रग माफियाओं को किसका संरक्षण हासिल है? छ्उइ ने जिस ड्रग लॉर्ड को गिरफ्तार किया है, उसके संबंध किस परिवार से हैं? ये पता चलना ही चाहिए। इस चुनाव में तमिलनाडु की जनता इन सब पापों का हिसाब करेगी।

नरेंद्र मोदी ने कहा, तमिलनाडु के लिए एक विकसित भारत का नेतृत्व करने का समय है। लेकिन द्रमुक तमिलनाडु को पुरानी सोच में, पुरानी राजनीति में फंसाकर रखना चाहती है। पूरी द्रमुक एक परिवार की कंपनी बनकर रह गई है। द्रमुक की पारिवारिक राजनीतिक की वजह से तमिलनाडु के युवाओं को आगे बढ़ने का मौका नहीं मिल रहा है। द्रमुक से चुनाव लड़ने और द्रमुक में आगे बढ़ने के लिए तीन मुख्य मानदंड हैं। पहला, पारिवारिक राजनीति, दूसरा भ्रष्टाचार, तीसरा तमिल संस्कृति का विरोध। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, जो लोग दिल्ली में बैठे हैं उनको शायद पता नहीं चलता होगा कि वेल्लोर की धरती, तमिलनाडु की धरती नया इतिहास बनाने जा रही है। ये आपका प्यार, ये आपका आशीर्वाद, तमिलनाडु के प्रति मेरा जो समर्पण है, उस समर्पण को और अधिक प्रेरणा देते हैं, और अधिक पवित्र बना देते हैं और इसलिए मैं तमिलनाडु के लोगों का जितना अभिनंदन करूं उतना कम है।

## सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के छह की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के थिरुमंगलम के पास शिवराकोट्टई में एक कार दुर्घटना में दो बच्चों सहित एक ही परिवार के छह सदस्यों की मौत हो गई। उनकी कार एक दोपहिया वाहन से टकराकर पलट गई। यह घटना बुधवार सुबह हुई जिसमें दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें शिवराकोट्टई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मृतकों की पहचान कनागावेल (62), कृष्णकुमार (56), पांडी (35), नागाजोथी (28), शिव आधमिका (8) और शिवा श्री (7) के रूप में हुई है। मृतक एक उत्सव में भाग लेने के बाद तिरुनेलवेली से अपने मूल स्थान मदुरै जा रहे थे। मदुरै एसपी बी.के. अरविंद ने दुर्घटना स्थल का दौरा किया और पीड़ितों के शवों को सरकारी मेडिकल कॉलेज पहुंचाया।



## पीएमके उम्मीदवार की जीत की भविष्यवाणी करने वाले दो ज्योतिषी नहीं देख पाए खुद पर आने वाली मुश्किल

**कुड्डालोर।** सड़क किनारे बैठकर पिंजरे में बंद तोते की सहायता से भविष्य बांचने वाले दो ज्योतिषियों ने यहां से पत्ताली मक्कल काची (पीएमके) के उम्मीदवार थंकर बचन की जीत की भले ही भविष्याणी कर दी हो, लेकिन दोनों स्वयं पर आने वाली मुश्किल को नहीं भांप सके। दोनों को तोतों को पिंजरा में रखने के कारण गिरफ्तार कर लिया गया। वन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि बाद में दोनों ज्योतिषियों को रिहा कर दिया गया और उनके द्वारा पिंजरे में रखे गए चारों तोतों को आजाद कर दिया गया। तमिलनाडु में तोतों की मदद से भविष्यवाणी की जाती है और ये प्रशिक्षित तोते भविष्यवाणी करने के लिए कार्ड उठाते हैं। देवी-देवताओं के चित्र वाले कार्डों के बंडल में से समुचित कार्ड चुनने पर तोते को उसके मालिक तुरंत दाना या फल इनाम में देते हैं और पक्षी को वापस पिंजरे में बंद कर देते हैं।

फिल्म निर्देशन से राजनीति में आए और कुड्डालोर से पीएमके उम्मीदवार थंकर बचन सात अप्रैल को चुनाव प्रचार के दौरान दोनों ज्योतिषियों से चुनावी राजनीति में किस्मत जानने के लिए संपर्क किया, जो भाई हैं। उन्होंने चार तोतों में से एक को कार्ड उठाने को कहा और उसके आधार पर बचन की जीत की भविष्यवाणी की। बचन का दोनों ज्योतिषियों से भविष्यवाणी कराने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया जिसमें उम्मीदवार को भविष्य पूछने के बाद पक्षियों को दाना खिलाते और ज्योतिषियों को केले देते देखा जा सकता है। वीडियो वायरल होने के बाद वन विभाग के अधिकारियों ने तुरंत मामले में संज्ञान में लिया और दोनों ज्योतिषी भाइयों की तलाश शुरू की जिनके पास पिंजरे में बंद तोते थे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वन विभाग की टीम ने दोनों भाइयों सेल्वराज और श्रीनिवासन को मंगलवार को कुड्डालोर के पास थेन्नमपक्कम में अझगु मुथु अय्यनार मंदिर के पास पकड़ा जहां पर बचन ने उनसे सपर्क किया था। उन्होंने बताया कि दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारी ने बताया कि पिंजरे में बंद चार तोतों को वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत जब्त कर लिया गया और बाद में उन्हें जंगल में छोड़ दिया गया। उन्होंने बताया कि ज्योतिषी भाइयों को बाद में चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। वीडियो में दिख रहा है कि बचन ने अपने चुनावी भाग्य के बारे में जानने के लिए ज्योतिषियों से संपर्क किया। ज्योतिषियों में से एक ने एक तोते को पिंजरे से निकाला और उसे एक कार्ड उठाने को कहा।

### प्रचार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत





नीलगिरि संसद क्षेत्र के अंतर्गत अविनासी विधानसभा क्षेत्र के पट्टकरनपुत्तुर, मुक्कनूर, कुप्पनूर, कैकट्यी और प्रियासेंगापल्ली क्षेत्र के रहवासियों से भाजपा नीलगिरि उम्मीदवार वीएल मुरुगन ने मुलाकात की। उन्होंने एनडीए नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा के समर्थन में प्रचार किया।

## कच्चातीवु सौंपा जाना कांग्रेस और द्रमुक की मिलीभगत को दर्शाता है : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कच्चातीवु मुद्दे को लेकर मंगलवार को एक बार फिर कांग्रेस और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पर निशाना साधते हुए कहा कि इसे सौंपना देश के रणनीतिक हितों को नुकसान पहुंचाने में दोनों पार्टियों की मिलीभगत को दर्शाता है। उन्होंने तमिलनाडु में सत्तारूढ़ दल द्रमुक पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने में लिप्त होने का आरोप लगाया।

प्रधानमंत्री ने 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान से पहले, यहां दो किलोमीटर का रोड शो पूरा करने के बाद 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, वर्षों तक द्रमुक ने चेन्नई के लोगों से वोट तो लिए, लेकिन शहर के लिए कुछ खास नहीं किया। द्रमुक भ्रष्टाचार और पारिवारिक शासन को बढ़ावा देने में व्यस्त है। पार्टी के सांसद लोगों के लिए उपलब्ध नहीं होते, खासकर जब समय चुनौतीपूर्ण हो।

मोदी ने कहा, ''कच्चातीवु को सौंपे जाने पर हालिया सार्वजनिक जानकारी इस बात की ओर इशारा करती है कि कैसे कांग्रेस और द्रमुक हमारे रणनीतिक हितों और हमारे मछुआरों को नुकसान पहुंचाने में शामिल थे। कोई आश्चर्य नहीं कि इस बार, चेन्नई द्रमुक और कांग्रेस को खारिज करने के लिए पूरी तरह तैयार है।''

मोदी ने 1974 में तत्कालीन कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा इस द्वीप को श्रीलंका को सौंपे जाने को लेकर हाल में कांग्रेस पर निशाना साधा था। उन्होंने मीडिया की एक खबर का हवाला देते हुए दावा किया था कि नए तथ्यों से पता चला है कि कांग्रेस ने कच्चातीवू को संवेदनहीनता से श्रीलंका को दे दिया। प्रधानमंत्री ने मुद्दे को लेकर द्रमुक पर भी निशाना साधा था।

## रेला हॉस्पिटल द्वारा पार्किसंस मरीजों के लिए मूवमेंट डिसऑर्डर तथा डीबीएस समस्या निवारण क्लिनिक का शुभारंभ

### नए क्लीनिक पर 30 अप्रैल तक मरीजों को मिलेगा मुफ्त परामर्श

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** रेला हॉस्पिटल द्वारा पार्किसंस रोग से पीड़ित मरीजों के लिए मूवमेंट डिसऑर्डर तथा डीबीएस (डीप ब्रेन स्टिमुलेशन) समस्या निवारण हेतु एक क्लीनिक का शुभारंभ किया गया है। यह क्लीनिक जरूरतमंद लोगों के लिए डीबीएस बोटूलिनम टॉक्सिन और एपोमॉर्फिन थेरेपी के माध्यम से उत्कृष्ट परिणाम के लिए इमेज गाइडेड प्रोग्रामिंग जैसी अग्रिम देखभाल चिकित्सा प्रदान करेगा। क्लीनिक उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता रेला हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक मोहम्मद रेला ने किया मुख्य अतिथि सत्यानंद योग केंद्र के संस्थापक सन्यासी शिव ऋषि थे इसके साथ ही अन्य विशेष अतिथियों में तांबरम के पुलिस उपायुक्त पवन कुमार रेड्डी तथा हास्य अभिनेता पुगाज भी उपस्थित थे। क्लीनिक उद्घाटन समारोह के उपरांत न्यूरोलॉजिकल स्थितियों के लिए डिजाइन के किए गए योगासन किए गए जिसमें सौ से अधिक रोगियों ने सपरिवार भाग लिया। विश्व पार्किसंस दिवस प्रतिवर्ष 11 अप्रैल को मनाया जाता है जिसके लिए रेला हॉस्पिटल ने पार्किसंस रोगियों के लिए 30 अप्रैल तक निशुल्क परामर्श की सुविधा क्लीनिक पर उपलब्ध करवाया है।




इस अवसर पर रेला हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक प्रोफेसर मोहम्मद रेला ने कहा कि पार्किंसन रोग उम्र से संबंधित मस्तिष्क का विकार है यह साठ वर्ष से अधिक उम्र वाले सौ लोगों में से किसी एक को प्रभावित करता है। उन्होंने बताया कि इस बीमारी का कोई स्थाई इलाज नहीं है परंतु इस रोग से प्रभावित मरीज उन्नत चिकित्सा अपना कर सामान्य जीवन जी सकता है। उन्होंने बताया कि अस्पताल द्वारा विशेषज्ञों की एक टीम द्वारा डीबीएस प्रत्यारोपण सहित सभी उन्नत उपचार किए जाते है।

उन्होंने कहा कि नए खुले डीबीएस क्लीनिक के माध्यम से हमें इस रोग के इलाज को और अच्छे तरीके से करने में काफी मदद मिलेगी। पार्किंसंस रोग एक मस्तिष्क दोष है जो अनपेक्षित या अनियंत्रित गतिविधियों जैसे कंपकपी, कठोरता, संतुलन और समन्वय में कठिनाई का कारण बनता है यह तब होता है जब मस्तिष्क के एक हिस्से में तंत्रिका कोशिकाएं क्षीण हो जाती है या मर जाती है जिन्हें बेसल गैंगिलिया कहा जाता है यह शरीर की गति को नियंत्रित करने के लिए जिम्मेदार होती।

## भाजपा ने बार-बार तमिलनाडु के लोगों पर अपनी इच्छा थोपने की कोशिश की : कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई/नई दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कोयंबटूर में जनसभा से पहले बुधवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तमिलनाडु के लोगों पर अपनी इच्छा थोपने की बार-बार कोशिश की है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट' और केंद्र से कर संग्रह के राजस्व का राज्यों को 'अपर्याप्त हस्तांतरण' जैसे विषयों को लेकर प्रधानमंत्री मोदी से कुछ सवाल किए।

प्रधानमंत्री मोदी आज कोयंबटूर में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, आज प्रधानमंत्री मोदी तमिलनाडु के कोयंबटूर में होंगे। तमिलनाडु एक ऐसा राज्य है जिसका सहकारी संघवाद की पैरोकारी करने का एक लंबा इतिहास है। भाजपा ने बार-बार वहां के लोगों पर अपनी इच्छा थोपने की कोशिश की है। उन्होंने कहा, तमिलनाडु में मोदी सरकार के ट्रैक रिकॉर्ड से सवाल उठता है कि क्या प्रधानमंत्री मोदी लोगों का प्रतिनिधित्व करना चाहते हैं, या वह उन पर शासन करना चाहते हैं? रमेश ने कहा कि नीट परीक्षा 2017 में भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई थी और इसे इस डर के कारण व्यापक प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ा कि इससे गरीब और हाशिए के समुदायों के छात्रों को नुकसान होगा। उन्होंने कहा, बहुत जल्द, इन आशंकाओं की पुष्टि हो गई।

## मलाप्पुरम में मंदिर बना हिंदू-मुस्लिम सद्भावना की मिसाल

**मलाप्पुरम।** केरल के मुस्लिम बहुल मलाप्पुरम में सदियों पुराना मंदिर हिंदू-मुस्लिम सद्भावना की मिसाल पेश कर रहा है जिसके जीर्णोद्धार में मुस्लिम समुदाय से खुलकर दान दिया और अब मंदिर में स्थापित देवी की नयी प्रतिमा की अगले महीने प्राण प्रतिष्ठा होगी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोंडोट्टी के मुथुवल्लूर स्थित 400 साल पुराने श्री दुर्गा भगवती मंदिर के जीर्णोद्वार में हिंदुओं और मुस्लिमों ने कंधे से कंधा मिलाकर काम किया है।

मंदिर प्रशासन ने बताया कि मंदिर के जीर्णोद्वार पर अब तक करीब 50 लाख रुपये खर्च किए गए हैं और इनमें से करीब आधी राशि मुस्लिम समुदाय ने दान में दी है। मंदिर प्रशासन के मुताबिक जीर्णोद्धार के पहले चरण का काम पूरा हो गया है और 173 सेंटीमीटर लंबी देवी दुर्गा की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा के लिए सात मई को तीन दिवसीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चंद्रन पी ने बताया कि मंदिर का जीर्णोद्धार 2015 में शुरू हुआ। उन्होंने बताया कि यह मंदिर सरकार के अधीन मालाबार देवस्वम बोर्ड के अंतर्गत आता है। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''हमने धार्मिक और सांप्रदायिक विभाजन से परे जाकर लोगों से योगदान करने का अनुरोध किया.... कई लोगों ने बड़ा योगदान दिया और यह कहते हुए मुझे खुशी हो रही है कि इसके लिए मुसलमानों ने बड़ा हिस्सा दान दिया।''

चंद्रन ने याद किया कि कैसे इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) प्रमुख सादिक अली शिहाब थंगल और पी के कुन्हालीकुट्टी जैसे वरिष्ठ पार्टी नेताओं ने योगदान के उनके अनुरोध पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और मंदिर के जीर्णोद्वार के लिए पूरा समर्थन दिया। उन्होंने बताया कि यहां तक पिछले साल दान एकत्र करने के लिए आयोजित कार्यक्रम के दौरान थंगल स्वयं मंदिर भी आए थे। इस साल मार्च में मंदिर में आयोजित एक समारोह के दौरान मंदिर के तंत्री (पुजारी) थेक्किनियेदथ थरानानेल्लूर पद्मनाभन उन्नी नंबूथिरीपाद ने कुन्हालीकुट्टी को 'एक प्रेम संदेश पत्रिका' की भेंट की थी। चंद्रन ने बताया कि आईयूएमएल विधायक कुन्हालीकुट्टी अन्य व्यस्तताओं के कारण कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके, इसलिए मंदिर समिति के सदस्यों ने बाद में उनके आवास पर उन्हें पत्रिका भेंट की।



# 70 साल में कांग्रेस ने देश को लूटा व भारी भ्रष्टाचार किया : भजनलाल शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

दौसा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने जनता को भ्रमित करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि ईआरसीपी के मुद्दे पर लोगों से कांग्रेस ने झूठ बोला है। बुधवार को सिकराय विधानसभा के बहरावंडा में भाजपा प्रत्याशी कन्हैयालाल मीणा के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सीएम बोले कि भाजपा सरकार ईआरसीपी लेकर आई है। इससे दौसा जिले के सभी बांधों को पानी मिलेगा।घर-घर पानी मिलने के साथ 2.80 लाख 80 हेक्टेयर में सिंचाई होगी। उन्होंने कहा कि पूर्वी राजस्थान की पानी की समस्या का स्थाई निराकरण हो पाएगा। 70 साल में कांग्रेस ने देश को लूटा व भारी भ्रष्टाचार किया। अब कांग्रेस के नेता चिल्ला रहे हैं कि ईडी आ रही है। कांग्रेस सरकार में 17 बार पेपर लीक हुए हैं। हमने पेपर लीक रोकने के लिए एसआईटी गठित कर 85 लोगों को गिरफ्तार किया है। पेपर लीक घोटाले में लिप्त अन्य लोगों को सजा जरूर मिलेगी। बदमाशों पर कार्रवाई के लिए एंटी गैंगस्टर फोर्स का गठन किया है।

कैबिनेट मंत्री एवं दौसा लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने पेपर लीक इंडस्ट्री को पनपाया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने जिस तरह 10 साल तक काम किया है। उसी तर्ज पर अब राजस्थान में भी विकास होगा।

सभा को देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा, पूर्व मंत्री रामकिशोर मीणा, महवा विधायक राजेंद्र मीणा, बांदीकुई विधायक भागचंद टांकड़ा, पूर्व सांसद रामकुंवार वर्मा, जिलाध्यक्ष प्रभुदयाल शर्मा ने भी संबोधित किया।

## राहुल गांधी आज राजस्थान में, अनूपगढ़ और फलौदी में करेंगे जनसभा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष तथा कांग्रेस के स्टार प्रचारक सांसद राहुल गांधी गुरुवार दोपहर 12 बजे बीकोनर लोकसभा संसदीय क्षेत्र के अनूपगढ़ के एपीजे अब्दुल कलाम स्टेडियम में विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगे, तत्पश्चात राहुल गांधी दोपहर 2 बजे जोधपुर लोकसभा संसदीय क्षेत्र के फलौदी के मेजर शैतान सिंह स्टेडियम में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगे। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव व प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि गुरुवार को पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष तथा कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी राजस्थान प्रदेश के चुनावी दौरे पर रहेंगे तथा दोपहर 12 बजे बीकानेर लोकसभा संसदीय क्षेत्र में अनूपगढ़ के एपीजे अब्दुल कलाम स्टेडियम में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगे, तत्पश्चात राहुल गांधी दोपहर 2 बजे जोधपुर लोकसभा संसदीय क्षेत्र के फलौदी में स्थित मेजर शैतान सिंह स्टेडियम में कांग्रेस पार्टी की विशाल रैली में जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इस अवसर पर दोनों सभाओं में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रभारी राजस्थान सुखजिन्दर सिंह रंधावा सहित वरिष्ठ नेतागण भी सम्मिलित होंगे।





# कुछ दिनों में राजस्थान को करेंगे कांग्रेस मुक्त : दीया कुमारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 वर्ष के कार्यकाल और उनकी अंत्योदय की नीतियों से प्रभावित होकर बिना किसी शर्त के आज भाजपा प्रदेश कार्यालय पर कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष एवं विद्याधरनगर विधानसभा प्रत्याशी सीताराम अग्रवाल, नीमकाथाना से प्रत्याशी रहे रघुवीर सिंह तंवर, ऑल इंडिया रिजर्व बैंक एम्पलॉयज यूनियन के पूर्व राष्ट्रीय सचिव जी.एन पारीक, जगदीश सोमानी अध्यक्ष विश्वकर्मा इंडस्ट्रीज, माचड़ा हनुमान मंदिर के महंत सुदर्शन महाराज, पार्षद केशरमल शर्मा, पार्षद धापा देवी, महेश अग्रवाल, पूर्व पार्षद सीएम शर्मा, अमर सिंह हाथोज पूर्व प्रदेश महासचिव उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ कांग्रेस कमेटी और रवि कानूनगो सहित 306 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक ओंकार सिंह लखावत और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया ने सभी को भाजपा का दुपट्टा पहनाकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। इस दौरान मंच संचालन भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि सीताराम अग्रवाल के भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद विद्याधरनगर विधानसभा क्षेत्र कांग्रेस मुक्त हो चुका है। आने वाले कुछ दिनों में केवल विद्याधरनगर ही नहीं बल्कि पूरा राजस्थान कांग्रेस मुक्त होने वाला है। हम सभी का लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश की सभी 25 सीटों पर भाजपा का कमल खिलाना है। पीएम मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन के लिए हम सभी को 400 पार के नारे को साकार करना है। इसके लिए हमें मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर भी बल देना होगा, प्रत्येक कार्यकर्ता को घर-घर जाकर सघन जनसंपर्क से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करना है। भाजपा केवल राजनैतिक दल नहीं है यह परिवार है इस परिवार में जुड़ने वाले सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत है।

कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष एवं विद्याधरनगर विधानसभा प्रत्याशी सीताराम अग्रवाल ने संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी का धन्यवाद प्रकट किया। उन्होने कहा कि सुबह का भूला यदि शाम को घर लौट आता है तो उसे भूला नहीं कहा जाता। मेरा कांग्रेस में लंबा राजनैतिक अनुभव रहा है, लेकिन मुझे आज भाजपा परिवार में आने के बाद बहुत खुशी है। कांग्रेस में रहते हुए मेरा परिवार और मेरा मन दोनों गवाही नहीं देते थे कि इस पार्टी में रहकर काम किया जाए। मेरा अभी तक का कैरियर बेदाग रहा है, मैं भाजपा परिवार को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि मैं मेरा पूरा जीवन पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता की तरह समर्पित करूंगा।



# दवाओं के उपभोग का नेहा गिरि ने नियमित विश्लेषण करने के दिए निर्देश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन की प्रबंध निदेशक श्रीमती नेहा गिरि ने बुधवार को गांधीनगर शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र पर ड्रग स्टोर, दवा वितरण केंद्र, प्रयोगशाला, ओपीडी काउंटर आदि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्रीमती गिरि ने स्वास्थ्य केंद्र के दवा वितरण केंद्र का निरीक्षण करते हुए अवधिपार दवाओं के निस्तारण, दवाओं एवं सर्जिकल्स की उपलब्धता तथा आवश्यकता के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि रोगियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दवाओं की आवश्यकता का नियमित विश्लेषण किया जाए। जिस दवा का स्टॉक 10 प्रतिशत रह जाए, उसी समय उस दवा के लिए इंडेन्ट जारी करने की कार्यवाही की जाए, ताकि दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहे। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में अवधिपार होने वाली दवाओं का स्टॉक इस तरह रखें कि पहले उनका उपयोग सुनिश्चित हो।

आरएमएससी की प्रबंध निदेशक ने दवा वितरण केंद्र पर ई-औषध पोर्टल के माध्यम से विभिन्न दवाओं की उपलब्धता एवं निकट भविष्य में अवधिपार हो रही दवाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने फार्मासिस्ट को निर्देश दिए कि सॉफ्टवेयर के माध्यम से दवाओं की उपलब्धता एवं उपभोग के पैटर्न का नियमित रूप से विश्लेषण करें, इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं हो। साथ ही, गर्मी के मौसम को देखते हुए मौसमी बीमारियों से संबंधित एवं मम्पस रोग की दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता रखें।

श्रीमती गिरि ने स्वास्थ्य केंद्र पर प्रयोगशाला का भी निरीक्षण किया। उन्होंने जांच मशीनों की क्रियाशीलता और उनके उपयोग के बारे में जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जांच मशीनों का नियमित मेंटीनेंस सुनिश्चित करें, ताकि रोगियों को किसी तरह की असुविधा नहीं हो। उन्होंने कहा कि ई-उपकरण पोर्टल पर सभी जांच उपकरणों की एंट्री हो। साथ ही, पोर्टल के माध्यम से जांच मशीनों के मेंटीनेंस, मशीनों के ठीक होने में लगने वाले समय आदि के बारे में भी जानकारी ली। श्रीमती गिरि ने दवा वितरण केंद्र, प्रयोगशाला सहित अन्य स्थानों पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए।

प्रबंध निदेशक ने निरीक्षण के दौरान रोगियों से संवाद कर दवाओं की उपलब्धता के बारे में फीडबैक भी लिया। रोगियों ने बताया कि अधिकांशतः सभी दवाएं स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध हो जाती हैं। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी डॉ. पूनम प्रसाद एवं जिला औषधि भण्डार, जयपुर के प्रभारी डॉ. सुमीर घई भी उपस्थित रहे।

## सचिन पायलट ने भाजपा सरकार पर धार्मिक राजनीति करने का आरोप लगाया

जयपुर। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर धार्मिक राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि यह देश के लोकतंत्र के लिए अनुकूल नहीं है। उन्होंने लोगों से 'लोकतंत्र बचाने' के लिए कांग्रेस का समर्थन करने की अपील की। पायलट ने दौसा में कांग्रेस प्रत्याशी मुरारी लाल मीना और भरतपुर में कांग्रेस प्रत्याशी संजना जाटव के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित किया।

उन्होंने कहा, भाजपा जब विकास के बारे में बात करने में विफल रहती है तो वह धार्मिक मुद्दे उठाती है। राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के माध्यम से लोगों को जोड़ा लेकिन भाजपा केवल भाषण देती है। पायलट ने कहा कि भाजपा ने संसद में जनता की आवाज दबाने के लिए विपक्ष के 147 सांसदों को निलंबित कर दिया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के राज में पेट्रोल की कीमत 100 रुपये के पार पहुंच गई है, महंगाई आसमान छू रही है और बेरोजगारी चरम पर है।

उन्होंने भारत को कांग्रेस मुक्त बनाने की बात करने वाले भाजपा नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने कभी भी भारत को भाजपा मुक्त बनाने की बात नहीं की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के खिलाफ बोलने की कोशिश करने वालों पर प्रवर्तन निदेशालय( ईडी), केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और आयकर विभाग के जरिए कार्रवाई की जाती है। उन्होंने कहा, इस समय संवैधानिक एजेंसियां सवालों के घेरे में हैं।

संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है और विपक्षी नेताओं के खिलाफ एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष बहुत जरूरी है जितनी अहमियत सत्ता पक्ष की है उतनी विरोधी पक्ष की भी होती है लेकिन पहली बार मैंने देखा है कि विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है।



# 10 सालों में प्रधानमंत्री मोदी ने दुनिया में बढाया भारत का मान : मंजू शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर । भाजपा जयपुर शहर लोकसभा प्रत्याशी मंजू शर्मा ने आज विद्याधर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों और इलाकों को दौरा कर जनसंपर्क किया। इस दौरान लोगों ने जयपुर की बेटी के स्वागत में पलक पावडे बिछा दिए वहीं उनका कॉलोनियों में भव्य स्वागत किया गया। मंजू शर्मा के स्वागत कार्यक्रम में महिलाएं भी पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर भाग लेती नजर आई। वहीं जनसभाओं में लोगों ने हाथ उठाकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने का संकल्प लिया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने विद्याधर नगर क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा के साथ रोड शो किया। इसमें क्षेत्र की जनता उमड पडी और एक दर्जन से अधिक स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया।

जनसंपर्क के दौरान विभिन्न जनसभाओं व स्वागत कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे विश्व के समक्ष देश का मान बढाया है। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश के विकास ने जो गति पकडी है उसे अब बरकरार रखने के लिए भाजपा और पीएम मोदी को मजबूत करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जयपुर को आईटी हब बनाना ही उनका पहला लक्ष्य है। वहीं जयपुर का ङ्कविद्याधर नगर, सीकर रोड का क्षेत्र मैट्रो से जुडे इस दिशा में पहले कार्य किया जाएगा। आमजन के दुख दर्द में हमेशा भाजपा उनके साथ खडी नजर आई है। सरकार ने 1 जनवरी से प्रदेश की गरीब महिलाओं को 450 रुपये में गैस सिलेण्डर, किसान का सम्मान करते हुए किसान सम्मान निधि की राशि 6 हजार से बढ़ाकर 8 हजार रुपये, गेहूं की एमएसपी 125 रुपये बढ़ाकर 2400 रुपये प्रति क्विंटल तथा बुजुर्गों को प्रदेश में सामाजिक सुरक्षा मुहैया करवाने के लिए 1150 रुपये पेंशन जैसे निर्णय हमारी सरकार ने लिए हैं, जिससे गरीब, युवा, महिला तथा किसान सहित सभी वर्गों को राहत मिली है। कांग्रेस सरकार में नेताओं ने केवल अपना पेट भरने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

इस दौरान उपमुख्यमंत्री दियाकुमारी ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। भारत दुनिया की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। हम ब्रिटेन को पछाड़ कर 5वें नंबर पर आ गए हैं। भाजपा ने हमेशा आमजन के हितों को ध्यान में रखकर ही काम किए और जनता से रिश्ता निभाया, वह आगे भी बना रहेगा।

उन्होंने कहा कि भारत की भ्रष्टाचार मुक्त सरकार तेज गति से देश को विकसित बनाने का काम कर रही है। आपने पुराने समय में देखा है, जब देश में सड़कें नहीं थीं। आज बदलता भारत है। गांव की तस्वीर बदल गई। उन्होंने कांग्रेस नेताओं पर आरोप लगाया कि राज्य में कुछ माह पूर्व जब कांग्रेस की सरकार थी तो उनके नेता दुर्भावना के साथ काम करते थे। कांग्रेस नेताओं ने आमजन के काम भी धर्म, जाति और वोट देखकर ही किए जिसका परिणाम हुआ कि जनता ने गत विधानसभा चुनावों में सत्ता से बाहर कर दिया।

## अपील



नागौर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती ज्योति मिर्धा ने बुधवार को नावां विधानसभा की ग्राम पंचायत भूणी में आयोजित चुनावी जनसंपर्क सभा को संबोधित कर जनता से आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान कर प्रदेश की सभी 25 लोकसभा सीटों पर विकास का कमल खिलाने की अपील की।

# मतदाता की मनुहार जारी, अभी से करें मतदान की तैयारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। आगामी लोकसभा चुनाव में प्रत्येक मतदाता की सक्रिय भागीदारी एवं शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है। बुधवार से सतरंगी सप्ताह का आगाज किया जिसके तहत अगले सप्ताह प्रतिदिन विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अनुपालना में जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में घर घर जाकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही मतदाताओं को वोटर इंफॉर्मेशन स्लिप एवं वोटर गाइड का वितरण भी किया जा रहा है।

अतिरिक्त जिला कलक्टर जयपुर पूर्व एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी, श्रीमती सुमन पंवार के निर्देशन में मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के मध्यनजर स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं की जागरूकता हेतु स्कूली छात्राओं ने गुरूनानकपुरा, परनामी मन्दिर मार्ग, गोविन्द मार्ग एवं राजापार्क मेन मार्केट में रैली निकालकर क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया। इसके बाद श्रीमती पंवार ने राजस्थान कॉलेज स्थिति ईवीएम स्ट्रॉग रूम में ईवीएम कमिश्निंग के कार्य का निरीक्षण किया। साथ ही श्रीमती पंवार ने कार्मिकों को कमिश्निंग कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिये। वहीं, हवामहल विधानसभा क्षेत्र की सहायक रिटर्निंग अधिकारी डॉ. सरिता शर्मा ने बताया कि हवामहल विधानसभा क्षेत्र में घर-घर दस्तक देकर 1 लाख 46 हजार 947 वोटर इंफॉर्मेशन स्लिप एवं 38 हजार 366 वोटर गाइड का वितरण किया जा चुका है। साथ ही मतदाताओं को वीएचए, केवाईसी, सी-विजिल एवं सक्षम एप की जानकारी भी प्रदान की गई। वहीं, मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत जलमहल की पाल पर दीपदान कर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह के निर्देश पर जिला स्वीप टीम की ओर से रामबाग सर्किल पर स्कूली छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बना कर आगामी लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान की अपील की।



# बिजली लाइन के संपर्क में आने से सुरक्षा गार्ड की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जैसलमेर। जैसलमेर जिले के पोकरण रेलवे स्टेशन पर मंगलवार रात एक सुरक्षा गार्ड की बिजली की लाइन के संपर्क में आने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि रेलवे में विद्युतीकरण का काम कर रही एक कंपनी में कार्यरत सिक्योरिटी गार्ड जगदीश सोने के लिए कोच के ऊपर चढ़ा था। लेकिन उसने ऊपर से गुजर रहे बिजली के हाईटेंशन तार को छू लिया और झुलस गया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, आग को बुझा दिया गया और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया गया। मामले की जांच की जा रही है।

# शरणार्थी बेधड़क नागरिकता के लिए आवेदन करें : शाह

## ममता बनर्जी कर रही हैं गुमराह



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बालुरघाट (पश्चिम बंगाल)/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए) को लेकर लोगों को गुमराह करने और 'वोट बैंक' की राजनीति के लिए घुसपैठियों की मदद करने का आरोप लगाया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शरणार्थियों को किसी डर में आएं बिना नागरिकता के लिए आवेदन करना चाहिए।

लोकसभा चुनाव घोषित होने के बाद पहली बार बंगाल आएं शाह ने बालुरघाट में एक चुनावी रैली में शाह ने भूपतिनगर बम विस्फोट मामले में दोषियों को बचाने की कोशिश करने और राष्ट्रीय अन्वेषण अधिकरण (एनआईए) अधिकारियों के खिलाफ मामले दर्ज पर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा ममता दीदी नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के बारे में लोगों को गुमराह कर रही हैं। वह कह रही है कि आपने यद आवेदन पत्र भरा तो आपकी नागरिकता छिन जाएंगी। वह शरणार्थियों को नागरिकता देने के विरुद्ध क्यों हैं? मैं आपसे यह कहने के लिए आया हूं कि सभी शरणार्थियों को किसी भय के बिना आवेदन करना चहिए, सभी को नागरिकता दी जाएंगी। उन्होंने कहा, इस देश में आपका भी उतना ही अधिकार है जितना मेरा। शरणार्थियों को नागरिकता देना हमारी प्रतिबद्धता है। केंद्र ने पिछले महीने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 लागू किया था। इसमें 31 दिसंबर 2014 से पहले पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से भारत आएं गैर-मुस्लिम प्रवासियों को शीघ्रता से भारतीय नागरिकता दिए जाने का प्रावधान है। उत्तर 24 परगना के संदेशखालि में हाल की घटनाओं का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि यह शर्म की बात है कि ममता बनर्जी ने एक महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद दोषियों को बचाने की कोशिश की। संदेशखालि में तृणमूल नेताओं के खिलाफ यौन शोषण के आरोप सामने आएं हैं। उन्होंने कहा आप एक महिला मुख्यमंत्री हैं और संदेशखालि में हुई घटनाओं पर राजनीति कर रही हैं। वर्षों तक आपकी नाक के नीचे उत्पीड़न होते रहे और जब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) टीएमसी के गुंडों को गिरफ्तार करने गई, तो उन पर पथराव किया गया। तुष्टिकरण के माध्यम से कुछ वोट पाने के लिए आप संदेशखालि के अपराधियों को बचा रही हैं। शाह ने लोगों से तृणमूल को वोट न देने का आग्रह किया और कहा कि भाजपा को वोट दें ताकि राज्य में फिर कोई संदेशखालि न हो।

पूर्व मेदनीपुर जिले के भूपतिनगर की घटना का जिक्र करते हुए शाह ने कहा, एनआईए अधिकारियों पर हमला किया गया और ममता दीदी बम विस्फोट में शामिल आरोपियों को बचाने की कोशिश कर रही हैं। एनआईए अधिकारियों के खिलाफ मामले दर्ज किए जा रहे हैं। यह शर्मनाक है। शनिवार को 2022 में हुए एक बम विस्फोट के मामले की जांच के सिलसिले में भूपतिनगर गई एनआईए की एक टीम पर कथित तौर पर हमला कर दिया गया था।



## लोकसभा चुनाव के लिए सपा का घोषणा पत्र जारी, पार्टी ने जातिवार जनगणना समेत कई वादे किए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** समाजवादी पार्टी (सपा) ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को अपना घोषणा पत्र जारी किया। इस दस्तावेज में जातिवार जनगणना कराने, महिलाओं के लिए आरक्षण, पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने और किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी देने समेत अनेक वादे किए गए हैं।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेताओं ने यहां पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में दल का चुनाव घोषणा पत्र 'जनता का मांग पत्र, हमारा अधिकार' जारी किया। 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया)' के प्रमुख घटक दल सपा के 20 पन्नों के इस घोषणा पत्र में 'इस बार पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) सरकार' का आह्वान किया गया है। सपा अध्यक्ष ने इस मौके पर कहा, हम अपने इस विजन डॉक्यूमेंट के साथ जनता के बीच जा रहे हैं और हमें उम्मीद है कि जनता समाजवादियों और गठबंधन का समर्थन करेगी तथा उत्तर प्रदेश में ऐतिहासिक जीत के साथ इंडिया गठबंधन सबसे ज्यादा सीट जीतेगा।

सपा अध्यक्ष ने संवाददाताओं से बातचीत इसे लोकतंत्र बचाने का चुनाव बताते हुए कहा कि केवल समाजवादी पार्टी ही नहीं बल्कि देश के बहुत से लोग इस बात को महसूस करते हैं कि अगर भारतीय जनता पार्टी तीसरी बार सत्ता में आ गई तो बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के संविधान को भी बदल देगी। उन्होंने आएंका प्रकट की कि हो सकता है कि वह वोट के अधिकार को भी छीन ले।

## भाजपा ने मोदी को मिल रहे जन समर्थन को दर्शाता नया प्रचार वीडियो जारी किया

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए 'तभी तो सब मोदी को चुनते हैं' गीत पर आधारित एक नया वीडियो जारी किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए विविध पृष्ठभूमि वाले लोगों के समर्थन को दर्शाने के लिए 12 विभिन्न भारतीय भाषाओं में इस गीत को प्रस्तुत किया गया है।

भाजपा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, देश के हर कोने से, विविध पृष्ठभूमि के लोग, हर भाषा में बोल रहे हैं और एक स्वर में कह रहे हैं – हमारे सामूहिक सपनों ने उड़ान भरी है।

गीत में इस बात पर प्रकाएं डाला गया है कि मोदी ने 2014 में सत्ता में आने के बाद से लोगों की उम्मीदों को कैसे पूरा किया है। पार्टी ने कहा, सपने नहीं, हकीकत बुनते हैं, तभी तो सब मोदी को चुनते हैं।

## सीबीआई ने अदालत को बताया, आबकारी नीति मामले में कविता से की पूछताछ



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को दिल्ली की एक अदालत को बताया कि उसने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में बीआरएस नेता के. कविता से तिहाड़ केंद्रीय जेल में पूछताछ की है।

कविता कथित घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में तिहाड़ जेल में बंद हैं। अदालत ने पांच अप्रैल को सीबीआई को कविता से जेल में पूछताछ की अनुमति दी थी। कविता ने उस आदेश को चुनौती दी है।

सीबीआई ने ईडी और सीबीआई मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा को सूचित किया कि अदालत के आदेश के बाद उसने छह अप्रैल को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) कविता से पूछताछ की। न्यायिक हिरासत में पूछताछ के अनुरोध वाली सीबीआई की याचिका के संदर्भ में, कविता की ओर से पेश वकील नितेश राणा द्वारा दाखिल आवेदन के जवाब में केंद्रीय जांच एजेंसी ने यह दलील दी। सीबीआई ने अदालत को बताया कि वह कविता से पहले ही पूछताछ कर चुकी है, इसलिए वह उनके आवेदन पर कोई जवाब नहीं दाखिल करेगी।

राणा ने हालांकि अदालत से कहा कि वह सीबीआई की याचिका के खिलाफ कविता के आवेदन पर अपनी दलीलें देना चाहेंगे। इस मामले में अगली सुनवाई 26 अप्रैल को होगी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में कविता को 15 मार्च को गिरफ्तार किया था।

## राजनीतिक मंचों से 'झूठ की बौछार' करने से इतिहास नहीं बदलता : राहुल



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पार्टी के घोषणा पत्र को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के हमले पर पलटवार करते हुए बुधवार को कहा कि राजनीतिक मंचों से 'झूठ की बौछार' करने से इतिहास नहीं बदलता। प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में कुछ जनसभाओं में कहा था कि लोकसभा चुनाव के लिए जारी कांग्रेस के घोषणा पत्र में मुस्लिम लीग की छाप नजर आती है।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, यह चुनाव दो विचारधाराओं की लड़ाई है। एक तरफ कांग्रेस है जिसने हमेशा भारत को जोड़ा और दूसरी तरफ वो हैं जिन्होंने हमेशा लोगों को बांटने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि किसने देश का विभाजन चाहने वाली ताकतों से हाथ मिला कर उन्हें मज़बूत किया और कौन देश की एकता और स्वतंत्रता के लिए लड़ा। राहुल गांधी ने कटाक्ष करते हुए यह भी कहा, कौन 'भारत छोड़ो आंदोलन' के समय अंग्रेजों के साथ खड़ा था? जब भारत की जेलें कांग्रेसी नेताओं से भर गई थीं, तब कौन देश को बांटने वाली ताकतों के साथ राज्यों में सरकार चला रहा था? उन्होंने दावा किया कि राजनीतिक मंचों से 'झूठ की बौछार' करने से इतिहास नहीं बदलता।

## नवरात्रि के दौरान मछली खाने को लेकर आलोचना के घेरे में आएं राजद नेता तेजस्वी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पटना/भाषा।** बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव बुधवार को सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक कथित वीडियो को लेकर आलोचनाओं के घेरे में आ गए जिसमें वह नवरात्रि के दौरान हेलीकॉप्टर में मछली खाते नजर आ रहे हैं। यह वीडियो राजद नेता ने नौ अप्रैल को नवरात्रि के पहले दिन पोस्ट किया था।

सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर आएं इस वीडियो में पूर्व उप मुख्यमंत्री विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी के साथ हेलीकॉप्टर में दोपहर का भोजन करते नजर आ रहे हैं। तेजस्वी और सहनी वीडियो में मछली और रोटी खाते दिखे। राजद नेता के अनुसार, चुनाव प्रचार के दौरान जो 10-15 मिनट मिलते हैं, उसमें वह खाना खा लेते हैं। वीडियो में सहनी ने मिर्च दिखाकर विरोधियों पर तंज कसते हुए कहा, हमारा वीडियो देखकर कुछ लोगों को मिर्ची लग जाएंगी।

बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने एक वीडियो संदेश में 'तुष्टीकरण की राजनीति'' करने के लिए तेजस्वी की आलोचना की और उन्हें 'मौसमी सनातनी' कहा। सिन्हा ने कहा, वे (राजद के नेता) मौसमी सनातनी हैं और यह नहीं जानते कि सनातन धर्म की प्रथाओं का पालन कैसे किया जाएं। मुझे लोगों के खान-पान पर कोई आपत्ति नहीं है... लेकिन श्रावण मास में मटन और नवरात्रि में मछली का सेवन करना एक सच्चे सनातनी का खान-पान नहीं हो सकता।

## पुलिस भर्ती परीक्षा के पेपर लीक कराने वाले गिरोह का सरगना गिरफ्तार

**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा-2023 के पेपर लीक कराने वाले गिरोह के सरगना को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ के सूत्रों ने बताया कि बल ने गौतम बुद्ध नगर के जेवर इलाके में खुर्जा बस अड्डे के पास रवि अत्री नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उसे उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा-2023 के प्रश्न पत्रों को अहमदाबाद स्थित टीसीआई कंपनी के दफ्तर में रखे ट्रंक बॉक्स से निकालकर उन्हें सार्वजनिक करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। सरकार ने पिछले साल हुई पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक होने के बाद इन परीक्षाओं को निरस्त कर पूरे मामले की जांच एसटीएफ को सौंपी थी।

इस मामले में वाराणसी, झांसी, आगरा, कानपुर, बरेली, प्रयागराज, गोरखपुर, नोएडा और बलिया समेत विभिन्न जिलों में अलग-अलग तारीखों पर कुल 12 मुकदमे दर्ज किए गए थे और कई लोगों की गिरफ्तारी भी की गई थी।

सूत्रों ने बताया कि एसटीएफ की मेरठ टीम को जानकारी मिली थी कि पेपर लीक करने वाले गिरोह का सरगना रवि अत्री जेवर स्थित खुर्जा बस स्टैंड के पास आने वाला है। इस पर एसटीएफ की टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर अत्री को गिरफ्तार कर लिया।



## भाजपा नेताओं ने किया विरोध प्रदर्शन, केजरीवाल के इस्तीफे की मांग की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के कार्यकर्ताओं ने कथित आबकारी नीति घोटाले को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग करते हुए बुधवार को दीनदयाल उपाध्याय मार्ग (डीडीयू) मार्ग पर स्थित आम आदमी पार्टी (आप) के मुख्यालय के पास विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछारें कीं, जिससे भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए डा. राममनोहर लोहिया अस्पताल (आरएमएल) में भर्ती कराया गया। हालांकि एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, हमने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए हल्का बल प्रयोग किया। किसी को कोई चोट नहीं आई।

आम आदमी पार्टी की अब समाप्त हो चुकी आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन के मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका को दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को खारिज कर दिया था। भाजपा ने उच्च न्यायालय के आदेश के मद्देनजर दिल्ली के मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग की। केजरीवाल ने उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। भारत के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि वह उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ अपनी याचिका को शीघ्र सूचीबद्ध करने के केजरीवाल के अनुरोध पर गौर करेंगे। उन्होंने केजरीवाल के वकील से एक ईमेल भेजने को कहा है।

## एसएसबी कर्मी 15 दिन के भीतर टैटू हटवाएं : पुलिस

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा पुलिस ने अपनी विशेष सुरक्षा बटालियन (एसएसबी) के कर्मियों को अपने शरीर से 15 दिन के भीतर टैटू हटाने के लिए कहा है क्योंकि ''वर्दी पहने व्यक्ति की त्वचा पर बने ये टैटू आसानी से ध्यान खींचते'' हैं और इन्हें ''अशोभनीय और अपमानजनक'' माना जाता है। भुवनेश्वर के पुलिस उपायुक्त (सुरक्षा) ने मंगलवार को इस आएंय का आदेश जारी किया और सभी संबंधित अधिकारियों को एसएसबी के ऐसे कर्मियों की सूची तैयार करने को कहा जिनके शरीर पर ऐसे ''टैटू हैं जो आसानी से ध्यान खींचते'' हैं।

एसएसबी कर्मी मुख्यमंत्री आवास, राजभवन, राज्य सचिवालय, ओडिशा विधानसभा और उच्च न्यायालय जैसे महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा करते हैं। वे राज्य में वीवीआईपी और गणमान्य व्यक्तियों और शेष भारत से ओडिशा आने वाली विशिष्ट हस्तियों को भी सुरक्षा प्रदान करते हैं। डीसीपी (सुरक्षा) ने आदेश में कहा, ऐसा पाया गया कि इकाई के बड़ी संख्या में कर्मियों ने शरीर पर टैटू बनवाएं हैं जो बटालियन के साथ-साथ ओडिशा पुलिस की छवि को खराब करते हैं क्योंकि ये (टैटू)आक्रामक, अशोभनीय व अपमानजनक प्रकृति के होते हैं। आदेश में कहा गया है, इसलिए सोच समझकर विचार करने के बाद यह निर्णय लिया गया कि ऐसे टैटू की अनुमति नहीं है जो वर्दी पहने हुए होने पर भी नजर आता है।

### उड़ीसा उच्च न्यायालय ने रखा

## भ्रष्टाचार मामले में कांग्रेस विधायक को दोषी ठहराने का आदेश बरकरार



**भुवनेश्वर/भाषा।** उड़ीसा उच्च न्यायालय ने भ्रष्टाचार के एक मामले में कांग्रेस विधायक मोहम्मद मोकिम की सजा को बरकरार रखा। उच्च न्यायालय ने विशेष सतर्कता अदालत के आदेश के खिलाफ मोकिम की अपील खारिज कर दी। सतर्कता अदालत ने मोकिम को भ्रष्टाचार के एक मामले में तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई थी और 50,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया था। एक स्थानीय विशेष न्यायाधीश (सतर्कता) ने 29 सितंबर, 2022 को भ्रष्टाचार के एक मामले में बाराबती-कटक के विधायक मोकिम को दोषी ठहराया था। सतर्कता विभाग ने बयान में कहा था कि मेट्रो बिल्डर्स प्रा. लि. के प्रबंध निदेशक के रूप में मोकिम ने आईएएस के एक अधिकारी और अन्य के साथ मिलकर ग्रामीण क्षेत्र के गरीबों के लिए ऋण की आड़ में ओडिशा ग्रामीण आवास एवं विकास निगम लि. (ओआरएचडीसी) से रियल-एस्टेट फर्म के पक्ष में आर्थिक लाभ प्राप्त किया। अदालत ने 19 अक्टूबर, 2022 को मोकिम को दोषी ठहराने के आदेश पर रोक लगा दी थी, जिसके बाद सतर्कता विभाग ने इसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी थी।

## मिट्टी की खदान धंसने से 3 महिलाएं जिंदा दफन, पांच अन्य घायल

**जमशेदपुर/भाषा।** झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में बुधवार को मिट्टी की खदान धंसने से तीन आदिवासी महिलाएं जिंदा दफन हो गईं जबकि पांच अन्य घायल हुई हैं। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। सर्किल इंस्पेक्टर अनिल कुमार नायक ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि महिलाएं बहरागोड़ा पुलिस थाना क्षेत्र के मटियाना गांव स्थित अपने कच्चे मकानों की लिपाई के लिए मिट्टी खोद रही थीं तभी मिट्टी की खदान धंस गई और तीन महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि हादसे में पांच अन्य घायल हुई हैं जिन्हें नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के स्थानीय विधायक समीर मोहंती ने कहा कि घायलों को जमशेदपुर स्थित एमजीएम अस्पताल स्थानांतरित करने की व्यवस्था की जा रही है। झामुमो नेता ने कहा कि उन्होंने मामले की जानकारी राज्य के स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन मंत्री बन्ना गुप्ता को दे दी है और उनसे मृतकों के परिवारों के लिए पर्याप्त मुआवजा मुहैया कराने का अनुरोध किया है।

# खुद को बेहतर बनाने के लिए करनी पड़ी कड़ी मेहनत : सूर्यकुमार यादव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** भारत और मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने बुधवार को बताया कि वह पिछले तीन महीनों में तीन अलग-अलग चोट से जूझ रहे हैं लेकिन 'उबाऊ' रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया से गुजरने के बाद उन्होंने खुद को 'बेहतर' बनाने के लिए कड़ी मेहनत की। दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज ने पिछले सप्ताह चोट से उबर कर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में वापसी की थी। उन्होंने बताया कि वह 'स्पोर्ट्स हर्निया' के अलावा टखने और दाहिने घुटने में चोट की समस्या का भी सामना कर रहे थे। 'स्पोर्ट्स हार्निया' से उबरने के लिए उन्हें सर्जरी करानी पड़ी।

यादव ने आईपीएल की ओर से जारी एक वीडियो साक्षात्कार में कहा, मुझे एक साथ दो-तीन अलग-अलग चोट का सामना करना पड़ा। स्पोर्ट्स हर्निया, टखना और फिर दायां घुटना। मुझे एक समय में एक कदम उठाना था, छोटी-छोटी चीजों का पालन करना था और आज में मैदान पर आकर वास्तव में खुश हूं। इस 33 साल के बल्लेबाज ने कहा कि उनके लिए चोट से उबरने की प्रक्रिया काफी उबाऊ थी लेकिन उन्होंने इस समय का पूरा फायदा उठाने की सोची।

उन्होंने कहा, मेरे लिए पिछले तीन या साढ़े तीन महीने के बारे में बात करना काफी मुश्किल है। शुरुआती दो तीन सप्ताह में यह परेशान करने वाला था क्योंकि मुझे लगता था कि रिहैबिलिटेशन में एक ही चीज बार-बार कर रहा हूं। सूर्यकुमार यादव ने कहा, चौथे-पांचवें सप्ताह से मुझे लगा कि भविष्य के लिए यह जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस दौरान पत्नी के साथ बातचीत ने उनका नजरिया बदला।

इस आक्रामक बल्लेबाज ने कहा, जब मैंने पत्नी और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के लोगों से बात की, तो उन्होंने कहा कि आपको खुद में बदलाव लाना होगा, जब आप मैदान पर वापस आएंगे तो आपको थोड़ा अलग होना होगा। मैंने समय पर सोने, बेहतर आहार लेने जैसी सभी छोटी चीजें करना शुरू कर दिया। यह सबसे महत्वपूर्ण था।

## न्यायालय ने स्वीकार नहीं किए रामदेव, बालकृष्ण के हलफनामे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने भ्रामक विज्ञापन मामले में योग गुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के प्रबंध निदेशक (एमडी) आचार्य बालकृष्ण द्वारा बिना शर्त माफी मांगने के लिए दायर किए गए हलफनामों को स्वीकार करने से बुधवार को इनकार कर दिया और कहा कि उन्होंने ऐसा तब किया जब ''उनकी गलती पकड़ ली गई। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा, हम इस मामले में इतने उदार नहीं बनना चाहते।

न्यायालय ने इस मामले पर निष्क्रियता बरतने के लिए उत्तराखंड के राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण के प्रति भी कड़ी नाराजगी जताई और कहा कि वह इसे हल्के में नहीं लेगा। पीठ ने कहा, हम आपकी बखिया उधेड़ देंगे। शीर्ष अदालत ने कहा कि जब रामदेव और बालकृष्ण को 'कारण बताओ नोटिस' जारी किए गए और उन्हें अदालत के सामने पेश होने का निर्देश दिया गया, तो उन्होंने उस स्थिति से ''बचने का प्रयास किया'' जहां व्यक्तिगत पेशी जरूरी थी। न्यायालय ने कहा कि यह ''बेहद अस्वीकार्य'' है। पीठ ने आदेश सुनाते हुए कहा, मामले के पूरे इतिहास और अवमाननाकर्ताओं के पिछले आचरण को ध्यान में रखते हुए हम उनके द्वारा दायर नवीनतम हलफनामे को स्वीकार करने के अनुरोध पर अपनी आपत्ति व्यक्त करते हैं। न्यायालय ने मामले में आगे की सुनवाई के लिए 16 अप्रैल की तारीख तय की। शीर्ष अदालत ने प्राधिकरण के प्रति अप्रसन्नता जताते हुए कहा, हम यह जानकर चकित हैं कि फाइलों को आगे बढ़ाने के अलावा राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने कुछ नहीं किया और वह चार-पांच साल से इस मुद्दे को लेकर ''गहरी नींद'' में था। न्यायालय ने प्राधिकरण की ओर से उपस्थित राज्य के अधिकारी से इस निष्क्रियता का कारण पूछा। पीठ ने रामदेव और बालकृष्ण की माफी को स्वीकार करने से इनकार करते हुए कहा, हम इस मामले में इतना उदार नहीं बनना चाहते। उसने कहा, हमें लगता है कि गलती पकड़े जाने पर और खुद को अप्रिय स्थिति में पाने पर'' यह माफीनामा दिया गया। पीठ ने रामदेव और बालकृष्ण की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी से कहा, हम इसे स्वीकार करने या माफ करने से इनकार करते हैं। हम इसे आदेश का जानबूझकर किया गया उल्लंघन और वचनबद्धता का उल्लंघन मानते हैं...।

## सुविचार

**जिंदगी मे जो हम चाहते है, वो आसानी से नही मिलता, लेकिन जिंदगी का सच है, की हम भी वही चाहते है, जो आसान नही होता।**


दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# घोषणा-पत्रों की विश्वसनीयता

चुनावी मौसम में विभिन्न राजनीतिक दल अपने 'घोषणा-पत्रों' में बड़े-बड़े वादे कर रहे हैं। इन घोषणा-पत्रों में पिछले दो-तीन दशकों में जितने वादे किए गए, अगर उनमें से एक चौथाई भी लागू हो जाते तो देश की तस्वीर बदल जाती। कुछ घोषणा-पत्रों को देखकर तो ऐसा लगता है कि उनमें शब्दों का मामूली हेरफेर कर वही पुराने वादे परोस दिए गए हैं। राजनीतिक दलों को चाहिए कि वे इन घोषणा-पत्रों को लेकर आम जनता के बीच जाएं और पूछें- 'आप इन्हें कितना विश्वसनीय मानते हैं?' पहले तो चुनाव नतीजों के बाद घोषणा-पत्रों की बात आई-गई हो जाती थी, लेकिन अब इंटरनेट का दौर है। हर हाथ में मोबाइल फोन आ गया है। राजनीतिक दलों के 'वादों की पोटली' तक जनता की पहुंच आसान हो गई है। इसलिए कोई यह न समझे कि जनता सवाल नहीं करेगी और हिसाब नहीं मांगेगी। और चुनाव बाद ही क्यों? चुनाव से पहले भी उन वादों पर सवाल किए जाने चाहिएं। एक दल ने वादा कर दिया कि उसके सत्ता में आते ही सीएए निरस्त किया जाएगा! सत्ता में लाना या न लाना तो जनता-जनार्दन पर निर्भर करता है, लेकिन उस दल से यह जरूर पूछा जाना चाहिए कि अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश से आए उन पीड़ित व प्रताड़ित 'अल्पसंख्यकों' का क्या गुनाह है कि सीएए को निरस्त करने की बातें की जा रही हैं? ये लोग वहां से जिन हालात में अपनी जान, सम्मान और पहचान बचाकर आए हैं, उसको ध्यान में रखते हुए तो इन्हें राहत देने के लिए घोषणा-पत्र में विशेष योजना की बातें होनी चाहिए थीं। खैर, ज़माना वोटबैंक की राजनीति का जो है ...!

राजनीतिक दल 'जनकल्याण' के लिए बातें तो कर रहे हैं, लेकिन उन्हें धरातल पर कैसे उतारेंगे? अगर इसका कोई रोड मैप भी बताते तो उनके वादे ज्यादा विश्वसनीय होते। यह भी रोचक है कि प्राय: राजनीतिक दल केंद्र की सत्ता में आने के लिए जो वादे करते हैं, उन्हें उन राज्यों में बखूबी लागू नहीं कर पाते, जिनमें उनकी सरकारें हैं। विद्यार्थियों को मुफ्त व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, युवाओं को रोजगार, बुजुर्गों के लिए बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं, भ्रष्टाचार से मुक्ति, हर सरकारी काम में तेजी ... जैसी बातें हर दल के घोषणा-पत्र में मिल जाएंगी। इन वादों को पहले उन राज्यों में तो प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारकर दिखाएं, जहां आपकी सरकारें हैं। यह भी एक विडंबना है कि हम 21वीं सदी में उन समस्याओं से घिरे हुए हैं और राजनीतिक दल हर बार उन्हें घोषणा-पत्रों में भी जगह दे देते हैं, जिनका समाधान पिछली सदी में ही हो जाना चाहिए था। आज मुफ्त व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सबको रोजगार, बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाओं, पारदर्शिता, जवाबदेही और सरकारी कामों में तेजी जैसे वादे करने की नौबत ही नहीं आनी चाहिए थी। ये तो बहुत बुनियादी सुविधाएं हैं, जो सत्तर-अस्सी के दशक तक ही सबको मिल जानी चाहिए थीं। बहरहाल, इनसे संबंधित मुद्दे अपनी जगह मौजूद हैं, तो उन पर बात करनी होगी। साथ ही राजनीतिक दलों को यह बताना चाहिए कि एआई के दौर में राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर उनके क्या विचार हैं? वे चीन-पाक की उद्दंडता पर काबू पाने के लिए क्या करना चाहेंगे? नौकरी का मतलब सिर्फ सरकारी नौकरी नहीं होता। निजी क्षेत्र में रोजगार के अधिकाधिक अवसर पैदा करने और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए क्या करेंगे? घुसपैठ नियंत्रण और देश में अवैध ढंग से रहने वालों की पहचान कर कार्रवाई के लिए क्या कदम उठाएंगे? देश में नकली मुद्रा के प्रसार, ऑनलाइन अपराध, प्रलोभन देकर धर्मांतरण जैसी समस्याओं का समाधान कैसे करेंगे? मुद्दे तो कई हैं। नेतागण उन पर खुलकर बात तो करें। अब घोषणा-पत्र जारी कर देने मात्र से बात नहीं बनने वाली!

## ट्वीटर टॉक




राम सा पीर मानव रूप में 'मानवता' के अवतार थे। उन्होंने निर्बल के साथ खड़े रहना और समाज में समरसता बनाए रखना सिखाया। आज हमारे लोक देवता बाबा रामदेव जी दूज पर जोधपुर मसूरिया पहाड़ी के मंदिर जाकर धोक लगाई। ज्योत दर्शन किए।

**-गजेन्द्र सिंह शेखावत**



घर-घर जल पहुंचाने के काम में कांग्रेस ने भ्रष्टाचार किया, अब जब ईडी जांच कर रही तो परेशान हो रहे है, अगर भ्रष्टाचार किया है तो ईडी पकड़ेगी ही। मोदी ने कहा था कि ना खाऊंगा और न खाने दूंगा और जो खाएगा उससे वापस निकालूंगा।

**-भजनलाल शर्मा**



कौन 'भारत छोड़ो आंदोलन' के समय अंग्रेजों के साथ खड़ा था? जब भारत की जेलें कांग्रेसी नेताओं से भर गई थीं, तब कौन देश को बांटने वाली ताकतों के साथ राज्यों में सरकार चला रहा था? राजनीतिक मंचों से 'झूठ की बौछार' करने से इतिहास नहीं बदलता।

**-राहुल गांधी**

## प्रेरक प्रसंग

# सोने से कीमती चांदी

एक गांव में एक अर्थविद रहता था। एक बार वहां के राजा ने उसे चर्चा पर बुलाया। चर्चा में राजा ने कहा, 'महाशय, आप बहुत बड़े अर्थज्ञानी है, पर आपका लड़का मूर्ख क्यों है? उसे तो सोने-चांदी में मूल्यवान क्या है यह भी नहीं पता।' अर्थविद घर गया व लड़के से पूछा, 'सोना व चांदी में अधिक मूल्यवान क्या है?' 'सोना'। 'तुम्हारा उत्तर तो ठीक है, फिर राजा ने ऐसा क्यूं कहा?' लड़का बोला, 'राजा गांव के पास एक खुला दरबार लगाते हैं। यह दरबार मेरे स्कूल जाने के मार्ग में ही पड़ता है। मुझे देखते ही बुलवा लेते हैं, अपने एक हाथ में सोने का व दूसरे में चांदी का सिक्का रखकर, जो अधिक मूल्यवान है वह ले लेने को कहते हैं। और मैं चांदी का सिक्का ले लेता हूं। सभी ठहाका लगाकर हंसते हैं व मजा लेते हैं।' 'फिर तुम सोने का सिक्का क्यों नही उठाते।' लड़का अर्थविद को अंदर ले गया और कपाट से एक पेटी निकालकर दिखाई जो चांदी के सिक्कों से भरी हुई थी। लड़का बोला, 'जिस दिन मैंने सोने का सिक्का उठा लिया उस दिन से यह खेल बंद हो जाएगा। यदि मैं बुद्धिमानी दिखाऊंगा तो कुछ नहीं मिलेगा। स्वर्णिम मौके का फायदा उठाने से बेहतर है, हर मौके को स्वर्ण में तबदील करना।

## सामयिक

# राजस्थान का लोकोत्सव गणगौर

**रमेश सर्राफ धमोरा**
**मोबाइल : 9414255034**



राजस्थान का नाम सुनते ही मन ख़ुशी से झूम उठता है। राजस्थान के पर्व त्यौहार अपने आप में अलग ही महत्व रखतें हैं। राजस्थानी परम्परा के लोकोत्सव अपने में एक विरासत को संजोए हुए हैं। राजस्थान को देव भूमि कहा जाय तो गलत नहीं होगा। यहां सभी सम्प्रदाय फले फूले हैं। यहाँ के शासकों ने विश्व कल्याण की भवना से अभिभूत होकर लोक मान्यताओं का सम्मान किया है। इसी कारण यहां सभी देवी देवताओं के उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाये जाते हैं। गणगौर का उत्सव भी ऐसा ही लोकोत्सव है। जिसकी पृष्ठ भूमि पौराणिक है। समय के प्रभाव से उनमें शास्त्राचार के स्थान पर लोकाचार हावी हो गया है। परन्तु भाव भंगिमा में कोई कमी नहीं आई है।

गणगौर भी राजस्थान का ऐसा ही एक प्रमुख लोक पर्व है। लगातार 17 दिनों तक चलने वाला गणगौर का पर्व मूलतः कुंवारी लड़कियों व महिलाओं का त्यौहार है। राजस्थान की महिलाएं चाहे दुनिया के किसी भी कोने में हो गणगौर के पर्व को पूरी उत्साह के साथ मनाती है। विवाहिता एंव कुवारी सभी आयु वर्ग की महिलायें गणगौर की पूजा करती है। गणगौर शब्द भगवान शिव और पार्वती के नाम से बना है। गण यानि भगवान शिव और गौर यानि पार्वती। इसलिए शिव-पार्वती की पूजा के रूप में इस त्यौहार को मनाया जाता है। होली के दूसरे दिन से सोलह दिनों तक लड़कियां प्रतिदिन प्रातः काल ईसर-गणगौर को पूजती हैं। जिस लड़की की शादी हो जाती है वो शादी के प्रथम वर्ष अपने पीहर जाकर गणगौर की पूजा करती है। इसी कारण इसे सुहागपर्व भी कहा जाता है। कहा जाता है कि चैत्र शुक्ला तृतीया को राजा हिमाचल की पुत्री गौरी का विवाह शंकर भगवान के साथ हुआ था। उसी की याद में यह त्यौहार मनाया जाता है। गणगौर व्रत गौरी तृतीया चैत्र शुक्ल तृतीया तिथि को किया जाता है। इस व्रत का राजस्थान में बड़ा महत्व है। कहते हैं इसी व्रत के दिन देवी पार्वती ने अपनी उंगली से रक्त निकालकर महिलाओं को सुहाग बांटा था। इसलिए महिलाएं इस दिन गणगौर की पूजा करती हैं।

राजस्थान की राजधानी जयपुर में गणगौर उत्सव दो दिन तक धूमधाम से मनाया जाता है। सरकारी कार्यालयों में आधे दिन का अवकाश रहता है। ईसर और गणगौर की प्रतिमाओं की शोभायात्रा राजमहल से निकलती है। इनको देखने बड़ी संख्या में देशी-विदेशी सैनानी उमड़ते हैं। सभी उत्साह से भाग लेते हैं। इस उत्सव पर एकत्रित भीड़ जिस श्रृद्धा एवं भक्ति के साथ धार्मिक अनुशासन में बंधी गणगौर की जय-जयकार करती हुई भारत की सांस्कृतिक परम्परा का निर्वाह करती है उसे देख कर अन्य धर्मावलम्बी भी इस संस्कृति के प्रति श्रृद्धा भाव से ओतप्रोत हो जाते हैं। ढूंढाड़ की भांति ही मेवाड़, हाड़ौती, शेखावाटी सहित इस मरुधर प्रदेश के विशाल नगरों में ही नहीं बल्कि गांव-गांव में गणगौर पर्व मनाया जाता है एवं ईसर-गणगौर के गीतों से हर घर गुंजायमान रहता है।

**हमें आज आवश्यकता है इस लोकोत्सव को अच्छे वातावरण में मनाये। हमारी प्राचीन परम्परा को अक्षुण बनाये रखे। इसका दायित्व है उन सभी सांस्कृतिक परम्परा के प्रेमियों पर है जिनका इससे लगाव है। जो ऐसे पर्वो को सिर्फ पर्यटक व्यवसाय की दृष्टि से न देखकर भारत के सांस्कृतिक विकास की ष्टि से देखने के हिमायती हैं।**

कामदेव मदन की पत्नी रति ने भगवान शंकर की तपस्या कर उन्हें प्रसन्न कर लिया तथा उन्हीं के तीसरे नेत्र से भष्म हुए अपने पति को पुनः जीवन देने की प्रार्थना की। रति की प्रार्थना से प्रसन्न हो भगवान शिव ने कामदेव को पुनः जीवित कर दिया तथा विष्णुलोक जाने का वरदान दिया। उसी की स्मृति में प्रतिवर्ष गणगौर का उत्सव मनाया जाता है। गणगौर पर्व पर विवाह के समस्त नेगचार व रस्में की जाती है।

होलिका दहन के दूसरे दिन गणगौर पूजने वाली लड़कियां होली दहन की राख लाकर उसके आठ पिण्ड बनाती हैं एवं आठ पिण्ड गोबर के बनाती हैं। उन्हें दूब पर रखकर प्रतिदिन पूजा करती हुई दीवार पर एक काजल व एक रोली की टिकी लगाती हैं। शीतलाष्टमी तक इन पिण्डों को पूजा जाता है। फिर मिट्टी से ईसर गणगौर की मूर्तियां बनाकर उन्हें पूजती हैं। लड़कियां प्रातः ब्रह्ममुहुर्त में गणगौर पूजते हुए गीत गाती हैं:-

गौर ये गणगोर माता खोल किवाड़ी, छोरी खड़ी है तन पूजण वाली।

गीत गाने के बाद लड़कियां गणगौर की कहानी सुनती है। दोपहर को गणगौर के भोग लगाया जाता है तथा कुएं से लाकर पानी पिलाया जाता है। लड़कियां कुएं से ताजा पानी लेकर गीत गाती हुई आती हैं:-

म्हारी गौर तिसाई ओ राज
घाट्यारी मुकुट करो,
बीरमदासजी रो ईसर ओराज,
घाटी री मुकुट करो,
म्हारी गौरल न थोड़ो पानी
पावो जी राज घाटीरी मुकुट करो।

लड़कियां गीतों में गणगौर के प्यासी होने पर काफी चिन्तित लगती है एवं गणगौर को जल्दी से पानी पिलाना चाहती है। पानी पिलाने के बाद गणगौर को गेहूं चने से बनी घूघरी का प्रसाद लगाकर सबको बांटा जाता है और लड़कियां गीत गाती हैं :-

म्हारा बाबाजी के माण्डी गणगौर,
दादसरा जी के माण्ड्यो रंगरो झूमकड़ो,
ल्यायोजी - ल्यायो ननद बाई का बीर,
ल्यायो हजारी ढोला झुमकड़ो।

रात को गणगौर की आरती की जाती है तथा लड़कियां नाचती हुई गाती हैं। गणगौर पूजन के मध्य आने वाले एक रविवार को लड़कियां उपवास करती हैं। प्रतिदिन शाम को क्रमवार हर लडकी के घर गणगौर ले जायी जाती है। जहां गणगौर का ''बिन्दौरा'' निकाला जाता है तथा घर के पुरुष लड़कियों को भेंट देते हैं। लड़कियां खुशी से झूमती हुई गाती हैं:-

ईसरजी तो पेंचो बांध गोराबाई पेच
संवार ओ राज म्हे ईसर थारी सालीछां।

गणगौर विसर्जन के पहले दिन गणगौर का सिंजारा किया जाता है। लड़कियां मेहन्दी रचाती हैं। नये कपड़े पहनती हैं, घर में पकवान बनाये जाते हैं। सत्रहवें दिन लड़कियां नदी, तालाब, कुए, बावड़ी में ईसर गणगौर को विसर्जित कर विदाई देती हुई दुःखी हो गाती हैं:-

गोरल ये तू आवड़ देख बावड़
देख तन बाई रोवा याद कर।

गणगौर की विदाई का बाद कई महिनो तक त्यौहार नहीं आते इसलिए कहा गया है-''तीज त्यौहारा बावड़ी ले डूबी गणगौर''। अर्थात जो त्यौहार तीज (श्रावणमास) से प्रारम्भ होते हैं उन्हें गणगौर ले जाती है। ईसर-गणगौर को शिव पार्वती का रूप मानकर ही बालाऐं उनका पूजन करती हैं। गणगौर के बाद बसन्त ऋतु की विदाई व ग्रीष्म ऋतु की शुरूआत होती है। दूर प्रान्तों में रहने वाले युवक गणगौर के पर्व पर अपनी नव विवाहित प्रियतमा से मिलने अवश्य आते हैं। जिस गोरी का साजन इस त्यौहार पर भी घर नहीं आता वो सजनी नाराजगी से अपनी सास को उलाहना देती है। ''सासू भलरक जायो ये निकल गई गणगौर, मोल्यो मोड़ों आयो रे''।

हमें आज आवश्यकता है इस लोकोत्सव को अच्छे वातावरण में मनाये। हमारी प्राचीन परम्परा को अक्षुण बनाये रखे। इसका दायित्व है उन सभी सांस्कृतिक परम्परा के प्रेमियों पर है जिनका इससे लगाव है। जो ऐसे पर्वो को सिर्फ पर्यटक व्यवसाय की दृष्टि से न देखकर भारत के सांस्कृतिक विकास की दृष्टि से देखने के हिमायती हैं। अब राजस्थान पर्यटन विभाग की वजह से हर साल मनाए जाने वाले इस गणगौर उत्सव में शामिल होने कई देशी-विदेशी पर्यटक भी पहुँचने लगे हैं।

## नजरिया

# कांग्रेस का घोषणा पत्र सही में जिन्नावादी है क्या?

**आचार्य विष्णु हरि**
**मोबाइल : 9315206123**




कांग्रेस का चुनावी घोषणा पत्र सामने आ गया, चुनावी घोषणा पत्र को कांग्रेस ने न्याय पत्र का नाम दिया है। इसमें अस्वाभाविक कुछ भी नहीं है, सभी स्वाभाविक ही हैं, प्रत्याशित भी हैं, कांग्रेस का चरित्र चुनावी न्याय मित्र पत्र में साफ झलकता है। कांग्रेस का चरित्र क्या है? कांग्रेस का भूत और वर्तमान चरित्र एक ही समान है, वह है अति और कुख्यात तुष्टिकरण के साथ ही साथ घोर हिन्दू विरोध। कांग्रेस का तुष्टिकरण क्या है, किसके लिए है और किसके खिलाफ है? कांग्रेस का तुष्टिकरण के केन्द्र में मुस्लिम आबादी है, मुस्लिम आबादी के मजहबी और शरिया मामलों का समर्थन करने के लिए तुष्टिकरण कांग्रेस करती है और हिन्दुओं के खिलाफ तुष्टिकरण के माध्यम से जहर बोती है। ऐसी तुष्टिकरण की नीति कांग्रेस के अंदर आज की देन नहीं है, ऐसी तुष्टिकरण की नीति कांग्रेस के जन्मकाल से ही चली आ रही है। महात्मा गांधी का मुस्लिम प्रेम कौन नहीं जानता है? जवाहर लाल नेहरू ने तुष्टिकरण की सभी हदें पार की थी, संविधान में तुष्टिकरण की नीति अपनायी थी, मुस्लिम प्रेम संविधान में साफ झलकता है, मुस्लिम मजहबी कानूनों को संरक्षण दिया गया जबकि हिन्दुओं को धर्मनिरपेक्षता के जेल में कैद कर दिया गया। नेहरू कहते थे कि 'मैं गलती से हिन्दू धर्म में जन्म ले लिया हूं, मैं व्यवहार और दर्शन में मुस्लिम हूं, इस्लाम मेरा सर्वश्रेष्ठ धर्म है।' इसी नीति पर इंदिरा गांधी भी चली, राजीव गांधी भी चले। अब सोनिया गांधी और राहुल गांधी भी नेहरू की तुष्टिकरण से भी कई कदम आगे चल रहे हैं। अब यहां यह प्रश्न उठता है कि तुष्टिकरण से पूर्ण घोषणा पत्र लाने की जरूरत ही क्या थी? क्या इससे कांग्रेस को भारत की सत्ता प्राप्त हो जायेगी, नरेन्द्र मोदी परास्त हो जायेंगे? इस तरह के घोषणा पत्र का प्रभाव क्या होगा, यह तो चुनाव परिणाम आने के बाद ही स्पष्ट होगा पर अभी से ही इस पर तरह-तरह के आक्षेप, दुष्परिणामों की भाषा बह रही है। कांग्रेस की इस घोषणा पत्र को मौत का घोषणा पत्र कहा जा रहा है। नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस के घोषणा पत्र का हथियार बना लिया और कांग्रेस को जिन्ना व मुस्लिम लीग से जोड़ दिया। फिर कांग्रेस को होश में आना ही था। कांग्रेस सीधे पहुंच गयी चुनाव आयोग पर नुकसान का डर तो कांग्रेस के सिर पर नाच ही रहा है, नुकसान होना तो निश्चित है।

अपने घोषणा पत्र को न्याय पत्र का नाम देना कांग्रेस की बहुत बडी चालाकी ही नहीं बल्कि धूर्तता भी है। न्याय का अर्थ सभी से होता है, न्याय निष्पक्ष होता है, न्याय निरपेक्ष होता है, न्याय किसी का साथ या किसी का विरोध में नहीं होता है, न्याय में तुष्टिकरण जैसी करतूत और भाषा का कोई अर्थ ही नहीं रखता है। क्या कांग्रेस के न्याय पत्र में मुस्लिम तुष्टिकरण की बात नहीं है, मुस्लिम विशेषता को स्थापित करने की बात नहीं है, क्या मुस्लिमों की मजहबी नीति को धर्मनिरपेक्ष संविधान पर लादने की करतूत नहीं है? अगर हिन्दुओं और मुस्लिमों सहित सभी धर्म के लोगों के लिए समान अवसर और धार्मिक रूप से कोई भेदभाव नहीं करने का वायदा होता तो फिर कांग्रेस की घोषणा पत्र को न्याय पत्र कहा जा सकता था? सही तो यही है कि सत्ता प्राप्ति के लिए राजनीतिक पार्टियां न्याय की हत्या करती रही हैं। धर्मनिरपेक्षता के नाम पर कांग्रेस अपने जन्म काल से ही हिन्दुओं के साथ अन्याय और उत्पीडन की नीतियां लादी है।

मुस्लिमों के लिए कैसे-कैसे वायदे किये गये हैं, कैसे-कैसे हिंसक मानसिकता का पोषण करने के वायदे किये गये हैं, यह देख कर आप भी दंग रह जायेंगे। कांग्रेस के घोषणा पत्र में खान पान की स्वतंत्रता की बात कही गयी है। खान-पान की स्वतंत्रता का सीधा अर्थ गौ हत्या से जुड़ा हुआ है। मुस्लिम आबादी कहती है कि उसके लिए सस्ता मांस और प्रोटीन युक्त मांस जरूरी है, इसलिए इस तरह के मांस के सेवन से उन्हें रोकना उनके मौलिक अधिकारों का हनन है। गौ हत्या को लेकर हिन्दुओं की भावनाओं को किस प्रकार से आहत की जाती है, यह स्पष्ट है। गौ हत्या को लेकर कांग्रेस का रूख और नजरिया हिंसक है और हिन्दुओं की भावनाओं के विपरीत है। इंदिरा गाधी की सरकार के दौरान गौ हत्या का प्रकरण तेज आंदोलन बना था और उस आंदोलन का संहार हिंसक रूप से इंदिरा गांधी ने की थी। करपात्री महराज हजारों साधुओं और गौ माता के साथ दिल्ली की संसद को घेर लिया था और गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग रखी थी। शांतिपूर्ण प्रदर्शन-आंदोलन पर इंदिरा गांधी ने सैनिक कार्रवाई की थी। इस सैनिक कार्रवाई में दस हजार से अधिक साधु मारे गये थे और गौ माता का खून बहा था। दिल्ली की सडके साधुओं और गौ माता के खूनों से लाल हो गयी थी। अब फिर सोनिया गांधी-राहुल गांधी मुस्लिम आबादी को खानपान के दायरे में गौ हत्या करने का अप्रत्यक्ष अधिकार देना चाहते हैं।

मुस्लिम आबादी को खुश रखने के लिए कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में 9 प्वाइंट लेकर आयी थी। संविधान के अनुच्छेद 15, 16, 25, 29, 20 और 30 में मुस्लिमों को मिलने वाले विशेष संरक्षण के अधिकार का कांग्रेस आदर करेगी, समर्थन देगी और बढावा भी देगी। भाषा की दृष्टि से भी कांग्रेस मुस्लिम आबादी के साथ खडी रहेगी, यानी की कांग्रेस मुस्लिमो की मुगल भाषा उर्दू और विदेशी भाष अरबी-फारसी भाषा का विकास करेगी और संरक्षण देगी। सबसे बडा विवाद और हिंसा तथा टकराव संविधान के अनुच्छेद 15 के प्रति अति सक्रियता से उत्पन्न होगा। संविधान के अनुच्छेद 15 का नियम कहता है कि जाति, धर्म के आधार पर सार्वजनिक भोजनालयों, दुकानों, होटलों, मनोरंजन स्थलों, कुंओं, तलाब घरों और सडकों सहित पब्लिक प्रतिष्ठानों पर जाने से किसी भी भारतीय नागरिक को रोका नहीं जा सकता है। अगर इस नियम का पालन कांग्रेस करायेगी तो फिर किस प्रकार की हिंसक नीति उत्पन्न होगी, उसकी कल्पना करना भी मुश्किल है। अगर कोई मुस्लिम अड़ जाये कि हिन्दू मंदिरों में जाने का उनका मौलिक अधिकार है तब स्थिति कैसी उत्पन्न होगी? इस संविधान अनिवार्यता का पालन खुद मुस्लिम आबादी कभी नहीं करती है। मस्जिद में मुस्लिम पुरूषों के साथ मुस्लिम महिलाएं नमाज नहीं पढ सकती है। इस मौलिक अधिकारों के उल्लंधन रोकने को लेकर कांग्रेस कभी भी कोई आवाज तक नहीं उठाती है। मुस्लिम महिलाओं के साथ भेदभाव पर किसी कांग्रेसी से प्रश्न कीजिये, उनका उत्तर होगा कि आप संघी हैं।

कांग्रेस ने बुर्का कुप्रथा का समर्थन किया है। कांग्रेस का घोषणा पत्र कहता है कि वह बुर्का कुप्रथा का समर्थन करेगी, स्कूलों और कालेजों में बुर्का पहन कर मुस्लिम छात्राएं जा सकती हैं और उसका विरोध करने वालों को कानूनो का पाठ पढाया जायेगा। देश भर बुर्का कुप्रथा को लेकर आवाज उठी हैं, विरोध प्रदर्शन हुए हैं, स्कूलों-कालेजों में बुर्का पहन कर आने को लेकर आंतकवादी संगठन ने पीएफआई ने जिहाद का संचालन कर रहा है, बुर्काधारी मुस्लिम लडकियां सीधे तौर पर स्कूलों और कालेजों को इस्लामिक रंग में तब्दील करने की नीति पर चल रही है। इस बुर्का कुप्रथा को लेकर सुप्रीम कोर्ट में भी सुनवाई हुई है। नरेन्द्र मोदी सरकार ने तीन विशेष कानून लाये थे जो मुस्लिम आबादी से जुडे हुए हैं। उन तीनों कानूनों को नष्ट करने की बात भी कांग्रेस करती है। सीएए भी कांग्रेस नष्ट करेगी। हेट स्पीच पर हिन्दुओं की स्वतत्रता का दमन, न्यायपालिका में मुस्लिम जजों की प्राथमिकता आदि कई अन्य बातें भी कांग्रेस अपने घोषणा पत्र में की है।

कांग्रेस के इस घोषणा पत्र को मौत का घोषणा पत्र कहा जाना चाहिए, मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र कहा जाना चाहिए, जिन्ना का घोषणा पत्र कहा जाना चाहिए। ऐसी भाषा आजादी के पूर्व मुस्लिम लीग ही बोलती थी, जिन्ना ही बोलता था। कांग्रेस के इस घोषणा पत्र को देख कर कहा जा सकता है कि अभी भी कांग्रेस कम्युनिष्ट और मुस्लिम एक्टिविस्टों के मकड़जाल से बाहर नहीं निकली है। अति मुस्लिमवाद से ही कांग्रेस आज अपनी सबसे बूरी स्थिति में पहुंच चुकी है। इस अति मुस्लिमवाद से जुडा हुआ घोषणा पत्र कांग्रेस को अंधेरी सुरंग में ढकेल देगा।

महत्त्वपूर्ण

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

जश्न



बुधवार को गुवाहाटी में आगामी रंगोली बिहू महोत्सव के जश्न के दौरान लोक नृत्य करते लोग।

## अमेरिका ने रॉकेट लॉन्चर और युद्ध सामग्री यूक्रेन भेजीं

वाशिंगटन। रूस से बचाव के लिए अमेरिका ने ईरान से जब्त की गयीं 5,000 से अधिक एके–47 राइफल, रॉकेट लॉन्चर और भारी मात्रा में गोला–बारूद यूक्रेन भेजा है। अमेरिकी सेंट्रल कमान ने यह घोषणा की। यूक्रेन को रूस के खिलाफ संघर्ष के दौरान युद्ध के मैदान में हथियारों और युद्ध सामग्री की गंभीर कमी का सामना करना पड़ रहा है। बहु–विभाजित कांग्रेस द्वारा जब तक अधिक धन की मंजूरी नहीं मिल जाती, अमेरिका तब तक अपने भंडार से और उपकरण भेजने में असमर्थ है। अमेरिकी सरकार ने यूक्रेनी सशस्त्र बलों को 5,000 से अधिक एके–47 राइफल, मशीन गन, स्नाइपर राइफल, आरपीजी–7 और 7.62 मिमी के 5,00,000 से अधिक गोले भेजे।

# संरा के कई अहम निकायों में चुना गया भारत, अंतरराष्ट्रीय स्वापक नियंत्रण बोर्ड में फिर निर्वाचित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

संयुक्त राष्ट्र। अंतरराष्ट्रीय स्वापक नियंत्रण बोर्ड समेत संयुक्त राष्ट्र के कई प्रमुख निकायों के लिए भारत का चयन किया गया है। भारत की जगजीत पवाडिया ने अंतरराष्ट्रीय स्वापक नियंत्रण बोर्ड में तीसरी बार निर्वाचित होकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्हें संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद (ईसीओएसओसी) द्वारा आयोजित अत्यधिक प्रतिस्पर्धी चुनाव में सबसे अधिक वोट प्राप्त हुए हैं। पवाडिया को गुप्त मतदान के जरिए मार्च 2025 से 2030 तक पांच साल के तीसरे कार्यकाल के लिए आईएनसीबी में फिर से चुना गया।

भारत को 2025 से 2029 तक की अवधि के लिए 'कमीशन ऑन स्टेटस ऑफ विमेन' (महिलाओं की स्थिति पर आयोग) के लिए भी चुना गया। 2025–2027 की अवधि के लिए संयुक्त राष्ट्र बाल कोष के कार्यकारी बोर्ड, 2025–2027 के लिए परियोजना सेवाओं के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम एवं संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के कार्यकारी बोर्ड में भी भारत को चुना गया है।

इसके अलावा भारत को 2025 से 2027 तक के कार्यकाल के लिए लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तीकरण के लिए संयुक्त राष्ट्र इकाई के कार्यकारी बोर्ड और 2025–2027 कार्यकाल के लिए विश्व खाद्य कार्यक्रम के कार्यकारी बोर्ड के लिए भी चुना गया। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, भारत 'वसुधैव कुटुंबकम' – दुनिया एक परिवार है' के सिद्धांत को कायम रखते हुए इन संयुक्त राष्ट्र निकायों के भीतर विमर्श में सक्रिय रूप से शामिल होने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम है।

उन्होंने कहा कि मार्गदर्शन करने वाला यह दर्शन वैश्विक विचार–विमर्श में रचनात्मक और सहयोगात्मक योगदान देने, एकता की भावना को बढ़ावा देने और सभी की भलाई के लिए साझा जिम्मेदारी के प्रति हमारे समर्पण को रेखांकित करता है। संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक परिषद (ईसीओएसओसी) ने अपने 17 सहायक निकायों में रिक्तियों को भरने के लिए मंगलवार को चुनाव कराए। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने 'एक्स' पर कहा, संयुक्त राष्ट्र में भारत ने महत्वपूर्ण जीत हासिल की। भारत ने 2025–2030 के लिए अंतरराष्ट्रीय स्वापक नियंत्रण बोर्ड का प्रतिष्ठित चुनाव पुन: जीता और कई प्रमुख संयुक्त राष्ट्र निकायों में सीट हासिल कीं। भारतीय मिशन ने कहा, भारत हमेशा की तरह 'वसुधैव कुटुंबकम' के हमारे समग्र दर्शन को ध्यान में रखते हुए इन निकायों में विचार–विमर्श में सक्रिय रूप से योगदान देना जारी रखेगा।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, आज (मंगलवार), भारत की उम्मीदवार जगजीत पवाडिया को न्यूयॉर्क में हुए चुनावों में 2025 से 2030 की अवधि के लिए अंतरराष्ट्रीय स्वापक नियंत्रण बोर्ड के लिए फिर से चुना गया। उन्होंने कहा कि भारत ने बोर्ड के सभी निर्वाचित सदस्य देशों के बीच सबसे अधिक वोट हासिल किए। विदेश मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन और विदेश मंत्रालय की टीम की सराहना की और कहा कि उन्होंने अच्छा काम किया। भारत को ईसीओएसओसी के मतदान करने वाले 53 सदस्यों में से 41 के वोट मिले, जो सभी विजेता सदस्य देशों में सबसे अधिक हैं।

## बाइडन ने कहा कि युद्ध के प्रति नेतन्याहू का रवैया एक गलती है

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

तेल अवीव (इजराइल)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने गाजा में युद्ध से निपटने के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के रवैये को एक गलती करार देते हुए उनकी सरकार से गाजा में बड़ी मात्रा में राहत सामग्री पहुंचाने का आह्वान किया। बाइडन के इस रुख से इजरायल पर संघर्ष विराम के लिए दबाव बढ़ने के साथ ही एक–दूसरे के कट्टर समर्थक दोनों सहयोगियों के बीच दरार बढ़ गई है। युद्ध लंबा खिंचने के कारण हालात बदतर हो गए हैं। इजराइल पर गत सात अक्टूबर को किये गये घातक आतंकी हमले के बाद से बाइडन हमास के खिलाफ इजराइल द्वारा युद्ध छेड़ने के समर्थक रहे हैं। लेकिन हाल के सप्ताह में नेतन्याहू को लेकर उनका धैर्य टूटता दिखाई दिखा और अमेरिकी प्रशासन ने इजराइल के प्रति कठोर रुख अपनाया है।

# मोदी भारत का चेहरा बन गए हैं, देश का विकास एवं अर्थव्यवस्था में सुधार हुआ: अमेरिकी सांसद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

वाशिंगटन। अमेरिका के एक वरिष्ठ सांसद ने भारत में 2014 से हुई आर्थिक प्रगति एवं विकासात्मक कार्यों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह भारत का चेहरा बन गए हैं । अमेरिकी संसद में भारत के बड़े समर्थकों में से एक माने जाने वाले ब्रैड शरमन ने कहा कि भारत और अमेरिका ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत होते देखा है। उन्होंने साथ ही कहा कि रूस के साथ भारत के रक्षा संबंध, भारत और अमेरिका के संबंधों के लिए एक चुनौती हैं।

शरमन ने 'पीटीआई' से साक्षात्कार के दौरान मंगलवार को कहा, वह (मोदी) भारत का चेहरा बन गए हैं और हमने बहुत महत्वपूर्ण आर्थिक प्रगति देखी है। बेशक, हर देश की अपनी चुनौतियां होती हैं, हर नेता की अपनी चुनौतियां होती हैं। मैं किसी देश की सफलता का श्रेय केवल एक नेता को नहीं देता। मेरा मतलब है कि आपके पास 1.3 अरब से अधिक लोग हैं और वे सभी भारत को और अधिक सफल देश बनाने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।

शरमन (68) अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की विदेश मामलों की समिति के डेमोक्रेटिक सदस्य हैं और पिछले 28 साल से भारत और अमेरिका के संबंधों को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, अमेरिका और भारत के संबंध काफी मजबूत हुए हैं। मैं यह जानता हूं क्योंकि मैं यहां प्रतिनिधि सभा में 'यूएस इंडिया कॉकस' का पूर्व अध्यक्ष हूं, जो सबसे बड़ा है। हमने इसे सभी द्विदलीय कॉकस में सबसे बड़ा बनाया। शरमन ने कहा कि विशेष रूप से रक्षा क्षेत्र में भारत और अमेरिका के संबंध मजबूत हुए हैं। उन्होंने कहा, अमेरिका और भारत के बीच व्यापार तेजी से बढ़ा है। निस्संदेह, भारतीय–अमेरिकी सबसे अधिक शिक्षित हैं और अमेरिका में सभी जातीय समूहों की तुलना में उनकी आय सबसे अधिक है।

शरमन ने कहा कि वह दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों का और विस्तार होते देखना चाहेंगे। उन्होंने कहा, मैंने कई व्यवसायियों से इस बारे में बात की है कि कैसे भारत निवेश के लिए उत्कृष्ट स्थान है और उन देशों की तुलना में व्यापार करने के लिए एक बेहतर जगह है जो लोकतांत्रिक नहीं हैं और जहां कानून का स्थापित नियम नहीं है। विशेष रूप से जो लोग चीन में निर्माण करते हैं, उन्हें इस तथ्य पर विचार करना चाहिए कि वह लोकतांत्रिक देश नहीं है और वह ऐसा देश नहीं है जिसके कानून के शासन की प्रणाली पर भरोसा किया जा सके।

घोषणा पत्र



पटना में कांग्रेस के बिहार प्रभारी मोहन प्रकाश और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह बुधवार को पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पार्टी का घोषणा पत्र जारी करते हुए।





# फिल्म 'लेडीज स्पेशल' में प्रीति सिंह और पल्लवी गिरी के साथ धमाल मचाएंगे विमल पांडेय

मुंबई/एजेन्सी

टेक्नीशियन फिल्म फैक्ट्री के बैनर तले बन रही पराग पाटिल की भोजपुरी फिल्म 'लेडीज स्पेशल' में अभिनेता विमल पांडेय, अभिनेत्री प्रीति सिंह और पल्लवी गिरी के साथ धमाल मचाते नजर आएंगे।लेडीज स्पेशल की शूटिंग इन दिनों जोर शोर से चल रही है। इस फिल्म का निर्माण पराग पाटिल पूरी भव्यता के साथ कर रहे हैं।

इस फिल्म में देव सिंह और रिंकू घोष भी नजर आयेंगे। विमल पांडेय ने कहा कि यह फिल्म मेरे लिए बेहद महत्वपूर्ण है। सबसे पहले तो फिल्म की कहानी मुझे बेहद पसंद आई थी और उसके बाद फिल्म की कास्ट एंड क्रु भी लाजवाब है। हम सभी मिलकर सेट पर अपना बेस्ट दे रहे हैं और उम्मीद है कि हमारा काम दर्शकों को पसंद आएगा।

यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाल करेगी। वही फिल्म की अभिनेत्री प्रीति सिंह ने कहा कि लेडिज स्पेशल वूमेन बेस्ड है और यह एक शानदार टीम के नेतृत्व में बनाई जा रही है। अब तक का सेट का एक्सपीरियंस हम लोगों ने काफी अच्छा शेयर किया है। उम्मीद है कि जब यह फिल्म पर्दे पर नजर आएगी तब दर्शकों का भी खूब मनोरंजन करेगी। वही फिल्म को लेकर पल्लवी गिरी ने कहा कि इस फिल्म में मेरा किरदार खास है, हालांकि उसे मैं अभी रिवील नहीं करूंगी। लेकिन इतना जरूर कहूंगी कि जब यह फिल्म आप लोग सिनेमाघर में देखेंगे, तो आपको बेहद मजा आने वाला है। लेडिज स्पेशल के निर्माता पराग पाटिल और आर आर प्रिंस है। इस फिल्म में विमल पांडेय, प्रीति सिंह और पल्लवी गिरी के साथ रिंकू घोष, देव सिंह, बालेश्वर सिंह, रीना रानी, अनीता रावत, माया यादव, ओ पी कश्यप, खुशबू यादव, निशा तिवारी, संजीव मिश्रा और अवधेश मिश्रा मुख्य भूमिका में हैं। निर्देशक चिराग दत्त कश्यप हैं। डीओपी अमन पांडेय हैं।



# फिल्म 'श्रीकांत' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव की आने वाली फिल्म 'श्रीकांत' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। टी–सीरीज़ फिल्म्स और चॉक एन चीज़ फिल्म्स के बैनर तले तुषार हीरानंदानी द्वारा निर्देशित फिल्म 'श्रीकांत' में राजकुमार राव की मुख्य भूमिका है। यह फिल्म इस साल अक्षय तृतीया के शुभ अवसर 10 मई को रिलीज़ होने के लिए तैयार है।इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर की शुरूआत एक लाइन .. सपने वो नहीं जो आप सोते हुए देखते हैं, यह वह जो आपको सोने नहीं देता से होती है।ट्रेलर में दिखाया जाता है कि कैसे नेत्रहीन होने के बावजूद श्रीकांत खुद को कमजोर नहीं बल्कि मजबूत मानता है। रोशनी न होने के बावजूद उसने कड़ी मेहनत से 12वीं में 98 प्रतिशत हासिल की और आईआईटी में पढ़ने का सपना देखा। उसे साइंस से पढ़ना था, लेकिन नेत्रहीन होने की वजह से उसे बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। हार मानने की बजाय उसने एजुकेशन सिस्टम के खिलाफ केस ठोका।कड़ी मेहनत के बाद आखिरकार श्रीकांत का यूएस में एक इंजीनियरिंग कॉलेज में एडमिशन हो जाता है, लेकिन नेत्रहीन होने की वजह से फ्लाइट में उन्हें बैठने नहीं दिया जाता है। इसके बाद श्रीकांत अपना बिजनेस शुरू करते हैं, जिसमें विकलांग लोगों को काम देते हैं। फिल्म श्रीकांत उद्योगपति श्रीकांत बोला की बायोपिक है, जिन्होंने अपनी दृश्यहीनता को अपने सपनों पर हावी नहीं होने दिया और बोलेंट इंडस्ट्रीज की स्थापना की।फिल्म 'श्रीकांत' में राजकुमार राव के अलावाा अलाया एफ, ज्योतिका और शरद केलकर की भी अहम भूमिका है।

राजकुमार राव अपनी आगामी फिल्म 'श्रीकांत' के जरिए '12वीं फेल' वाला जादू बिखेरने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। दरअसल, आज (मंगलवार) 'श्रीकांत' का ट्रेलर रिलीज हुआ है। ट्रेलर में राजकुमार राव, मशहूर इंडस्ट्रियलिस्ट श्रीकांत बोला का किरदार निभाते नजर आ रहे हैं। ट्रेलर की शुरूआत श्रीकांत बने राजकुमार राव के लुक से होती है। श्रीकांत, राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम को बताते हैं कि वह देश के पहले नेत्रहीन राष्ट्रपति बनना चाहते हैं। इसके बाद श्रीकांत की जिंदगी में आई परेशानियों की छोटी–सी झलक दिखाई जाती है। 10वीं में अच्छे नंबर लाने के बाद भी श्रीकांत को 11वीं में साइंस में एडमिशन नहीं मिलता है।



## रवीना ने बेटी राशा के साथ घृष्णेश्वर और त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग के किए दर्शन


मुंबई/एजेन्सी

एक्ट्रेस रवीना टंडन ने अपनी बेटी राशा के साथ महाराष्ट्र के घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर और त्र्यंबकेश्वर शिव मंदिर में दर्शन किए। रवीना ने इंस्टाग्राम पर कई फोटोज शेयर की, जिनमें वह और उनकी बेटी मंदिर के बाहर नजर आ रही हैं। कैप्शन के लिए अभिनेत्री ने लिखा, ओम नमः शिवाय। घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर महाराष्ट्र के संभाजीनगर जिले के वेरुल गांव में है। यह 12 ज्योतिर्लिंग मंदिरों में से एक है। त्र्यंबकेश्वर शिव मंदिर महाराष्ट्र के नासिक जिले में त्र्यंबकेश्वर तहसील के त्र्यंबक शहर में एक प्राचीन हिंदू मंदिर है। रवीना को हाल ही में उनकी नवीनतम रिलीज 'पटना शुक्ला' में देखा गया।

इस फिल्म की कहानी एक निडर वकील के इर्द–गिर्द घूमती है, जो एक छात्र को शिक्षा घोटाले में फंसता देखकर मामले को अपने हाथों में लेती है। लेकिन जल्द ही उसे पता चलता है कि वह एक मुख्यमंत्री उम्मीदवार के खिलाफ खड़ी है। 'पटना शुक्ला' डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रही है।

# दर्शकों को थिएटर तक लाने के लिए फिल्म में मुख्य पुरुष किरदार होना जरूरी नहीं : कृति सेनन

नयी दिल्ली/एजेन्सी



अभिनेत्री कृति सेनन को अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'क्रू' की सफलता के बाद उम्मीद है कि अब बड़े बजट की महिला केंद्रित फिल्में बनाने का मार्ग प्रशस्त होगा। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कृति ने कहा कि फिल्म निर्माताओं को अक्सर ऐसा लगता है कि दर्शकों को 'महिला केंद्रित' फिल्मों में दिलचस्पी नहीं होती है। 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' फिल्म के बाद कृति 'क्रू' में नजर आईं। 'क्रू' फिल्म में उन्होंने तब्बू और करीना कपूर खान के साथ तीसरी प्रमुख भूमिका निभाई है। फिल्म ने रिलीज के नौ दिनों के अंदर ही दुनिया भर में 100 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की। राजेश ए. कृष्णन द्वारा निर्देशित 'क्रू' फिल्म में तीन एयर होस्टेस की कहानी है जो अपनी एयरलाइन के दिवालिया हो जाने पर अपनी जिम्मेदारी संभालती हैं। कृति ने कहा, दर्शकों को थिएटर तक लाने के लिए किसी फिल्म में पुरुष का मुख्य किरदार होना जरुरी नहीं है। लंबे समय से लोगों ने पुरुष–केंद्रित फिल्मों की तरह महिला–केंद्रित फिल्में बनाने का जोखिम नहीं उठाया है। उन्हें लगता है कि दर्शक थिएटर में यह फिल्म नहीं देखेंगे और उन्हें कमाई भी नहीं होगी। उन्होंने कहा, दर्शकों से क्रू फिल्म को मिले प्यार के बाद मुझे लगता है कि यह एक तरह से बदलाव की शुरुआत है। उम्मीद है कि धीरे–धीरे लोग आगे आएंगे और महिला–केंद्रित फिल्म में भी उतना ही पैसा लगाने और उसे आगे बढ़ाने का जोखिम उठाएंगे, जितना वे पुरुष प्रधान फिल्मों के लिए करते हैं। ...क्योंकि इससे भी बॉक्स ऑफिस पर उतनी ही कमाई होती है।

# लांस नायक नजीर वानी के जीवन से प्रेरित बायोपिक बनायेंगे हरमन बावेजा

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेता–लेखक और फिल्मकार हरमन बावेजा अशोक चक्र विजेता दिवंगत लांस नायक नजीर वानी से प्रेरित बायोपिक इख्वान बनाने जा रहे हैं। हरमन बावेजा ,बावेजा स्टूडियो के बैनर तले कश्मीर के पहले अशोक चक्र पुरस्कार विजेता दिवंगत लांस नायक नजीर वानी के जीवन से प्रेरित बायोपिक देशभक्ति फिल्म 'इख्वान' बनाने जा रहे हैं। निर्माता हरमन बावेजा ने बताया,हम स्वर्गीय लांस नायक नजीर वानी की प्रेरणादायक यात्रा को सिल्वर स्क्रीन



पर लाने के लिए सम्मानित और उत्साहित हैं। एक गलत दिशा में जाने वाले मिलिटेंट से लेकर असाधारण वीरता के साथ देश की सेवा करने तक की उनकी यात्रा एक ऐसी कहानी है जिसे दुनिया को देखना चाहिए। यह फिल्म हमारे देश की रक्षा के लिए दिए गए बलिदानों के लिए उन्हें, उनकी पत्नी और भारतीय सेना को श्रद्धांजलि है। दिवंगत लांस नायक नजीर वानी की पत्नी महजबीन अख्तर ने कहा, एक परिवार के रूप में, हम अपने दिवंगत पति, अशोक चक्र पुरस्कार विजेता द्वारा किए गए बलिदानों पर बहुत गर्व करते हैं। हम 'इख्वान' के माध्यम से उनके रिज़िल्यन्स और बलिदान पर प्रकाश डालने के लिए हरमन बावेजा और बावेजा स्टूडियो के आभारी हैं। हम इसके रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## जान्हवी ने शिखर पहाड़िया से किया प्यार का इजहार

मुंबई/एजेन्सी। 'मैदान' की स्क्रीनिंग में पहुंचीं एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने आखिरकार शिखर पहाड़िया के साथ अपने रिश्ते की पुष्टि कर दी है। फिल्म की स्क्रीनिंग पर पहुंची जान्हवी क्रीम रंग के पैंटसूट में बेहद खूबसूरत लग रही थी। उन्होंने अपने लुक को 'शिखू' लिखे कस्टम–मेड नेकपीस के साथ पूरा किया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

दुनिया केवल पैसे से ही चलती है। बाप बड़ा न भैया सबसे बड़ा रुपैया। आज हर आदमी सिर्फ पैसे के पीछे भाग रहा है। पैसे का पहाड़ बनाने में वह इतना व्यस्त है कि उसके चलते अनेक समस्याओं से वह घिरता जा रहा है। उसके जीवन में तनाव रहता है। उनके घरों में भी आत्महत्याएं हो रही है। वह पैसे कमाने के साथ साथ अनेकों तकलीफों से भी गुजर रहा है। आचार्यश्री ने कहा कि पैसा हर चीज का इलाज नहीं है। पैसे से ही सब कुछ नहीं होता है। प्रेम से इस दुनिया को जीता जा सकता है। धन कमाएं, लेकिन सामर्थ्य जितना, ज्ञान कमाएं। एक दूसरे के बीच सम्मान हो तो हम आनंदित रह सकते हैं।





# नववर्ष का प्रारंभ शुभ संकल्पों के साथ करें : मुनि दीपकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई/कडलूर। कडलूर शहर में श्री चिंतामणि पार्श्वनाथ जैन मंदिर परिसर के जैन भवन में आचार्यश्री महाश्रमणजी के शिष्य मुनिश्री दीपकुमारजी के सान्निध्य में विक्रम संवत् 2081 के प्रारंभ के अवसर पर नववर्ष पर मुनिश्री का उद्बोधन एवं मंगलपाठ का आयोजन श्री जैन श्वेताम्बर जैन संघ कडलूर द्वारा किया गया। मुनिश्री दीपकुमारजी ने कहा कि नया वर्ष शुभ संदेश लेकर आता है। नयापन सबको पसंद हैं। नववर्ष का प्रारंभ हम शुभ संकल्पों के साथ करें। जैसे हमारे संकल्प होंगे, वैसे हम बनते जाएंगे। समय बीत जाता है क्योंकि समय के पांव नहीं, पंख होते हैं। इसीलिए वि. सं. 2080 बीत गया और आज से विक्रम संवत 2081 का प्रारंभ हो गया। यह वर्ष हम सब के लिए मंगलकारी, शुभकारी और कल्याणकारी बने। मुनिश्री ने नये वर्ष पर मंगलपाठ का श्रवण कराया। मुनि काव्यकुमारजी ने कहा कि माया को ऋजुता से जीतो। जो माया करता है, वह स्वयं अपनी आत्मा का अहित करता है। रिश्तों में बिखराव माया के कारण होता है। कार्यक्रम में श्री जैन संघ की ओर से सौभागमल सांड ने नववर्ष की सबको शुभकामनाएं सम्प्रेषित की ।





# गुर्जरगौड़ ब्राह्मण समाज ने हर्षोल्लास से मनाई गौतम जयंती

## हनुमान चालीसा, भजन व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की हुई प्रस्तुति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय गुर्जरगौड़ ब्राह्मण समाज के सदस्यों ने चैत्र नवरात्रि के पहले दिन यशवंतपुर स्थित मेवाड़ भवन में आराध्य देव श्री महर्षि गौतम ऋषि की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई। कार्यक्रम का शुभारंभ महर्षि गौतम के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए राम दरबार, गायत्री माता, गणेश सहित भगवान श्री परशुराम जी की पूजा अर्चना कर किया गया। समाज के वरिष्ठजन रामेश्वर पंचारिया, अनिल शर्मा, अरुण त्रिवेदी के साथ मुख्य शाखा, महिला, युवा टीम व मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय मंत्री हरिराम सारस्वत ने दीप प्रज्वलन किया। इस मौके पर भारतीय नववर्ष पर समाज के चहुमुखी विकास एवं सभी के कल्याण की प्रार्थना के साथ संगीतमय सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

जयंती समारोह कार्यक्रम में तनिष्ठा पांडे ने गणेश वंदना पर नृत्य प्रस्तुत किया। महिला मंडल ने राम लला की मनोरम झांकी के माध्यम से नृत्य की प्रस्तुति दी। निर्मला पंचारिया ने महिला शक्ति को आगे बढाने के लिए प्रोत्साहित किया व महिलाओं द्वारा किए गए कार्यों के बारे में बताया। पधारे हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए जगदीश आचार्य ने गौतम जयंती समारोह में सहयोग प्रदान करने वाले सभी स्वजातीय बंधुओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में देर रात्रि तक स्थानीय कलाकार पंडित राजू ने अपनी टीम के साथ भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति दी।

समाज की प्रतिभाओं को उपहार देकर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महेंद्र उपाध्याय जयमातादी, जितेंद्र उपाध्याय, सुनील जोशी, विकास उपाध्याय, सूरज व्यास, सचिन उपाध्याय, शिवनारायण जोशी, नटवर पंचारिया, वीणा पंचारिया, सरोज आचार्य, रोशनी उपाध्याय आदि का योगदान रहा।



# शिवकाशी तेरापंथ महिला मंडल द्वारा हिंदु नव वर्ष पर अनुष्ठान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com


शिवकाशी। शिवकाशी तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में हिन्दु नव वर्ष का आयोजन आचार्यश्री महाश्रमणजी के शिष्य मुनिश्री रश्मि कुमार जी और मुनि श्री प्रियांशु कुमारजी के पावन सान्निध्य में बहुत ही सुंदर व्यवस्थित तरीके से हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुनिश्री रश्मि कुमारजी ने नमस्कार महामंत्र से किया, फिर जप का प्रयोग किया गया। रक्षा कवच का अनुष्ठान करवाया गया।

मुनिश्री ने भाव शुद्धि के बारे में भी बहुत ही सुंदर तरीके से सरल भाषा में बताया। कार्यक्रम के अंत में मुनिश्रीजी ने वृहद मंगल पाठ दिया। कार्यक्रम में बहुत ही अच्छी संख्या में उपस्थिति थी। मुनिश्री के शिवकाशी पदार्पण से आध्यात्मि माहौल बना हुआ है, और शिवाकासी के श्रदालुगण मुनिश्री की ओजस्वी वाणी का पूरा लाभ उठा रहे है।

वरिष्ठ श्रावक नौरतनमल डागा ने मुनिश्री के प्रति खूब कृतज्ञता ज्ञापित की। मुनिश्री का महावीर जयंती का कार्यक्रम शिवकाशी में आयोजित होगा। संपत देवी डागा ने कविता के माध्यम से अपने भाव रखे। कार्यक्रम में सभा एवं महिला मंडल के पदाधिकारी उपस्थित थे। उक्त जानकारी तेरापंथ महिला मंडल की मंत्री बेला कोठारी ने दी।

# नि:शुल्क दंत एवं त्वचा जांच शिविर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। यहां श्री जैन मेडिकल रिलीफ सोसायटी द्वारा संचालित पट्टालम स्थित रत्ना बाई जैन डिस्पेंसरी में 7 अप्रैल को सुबह नि:शुल्क दंत एवं त्वचा जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 117 लोगों की जांच की गई तथा उन्हें नि:शुल्क दवाइयां प्रदान की गईं। शिविर के प्रायोजक संघवी कमलाबाई उत्तमचंद जीरावला परमार परिवार ने सहयोग दिया। महासचिव राजकुमार दुगड़ एवं महेंद्र लोढ़ा तथा एकता एसोसिएशन के सदस्यों ने शिविर में भाग लिया। यह जानकारी ज्ञानचंद कोठारी ने दी।



# हर व्यक्ति को जन्म, कर्म व धर्म से जैनी बनना चाहिए : आचार्य महेन्द्रसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कलबुर्गी। शहर के शंखेश्वर पार्श्वनाथ जैन श्वेताम्बर संघ में आयोजित 'अहो! जिनशासनम' कार्यक्रम में आचार्य श्री महेन्द्रसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि सत्य और धर्म के पथ पर चलना आसान नहीं है, इसीलिए इस पथ पर भीड नहीं होती। धार्मिक नियमों और उसूलों में दृढता और चुस्तता व्यक्ति को कसौटी पर कस कर सच्चा धर्मी बना देते हैं। संतों साधुओं का अन्यों को धर्म से जोडे रखने में महत्वपूर्ण योगदान पहले भी था और आज भी है। हर समाज में और हर बिरादरी में जब अपनों ने इस ओर योगदान दिया तभी बात बनी है। धर्म में सक्रिय व्यक्तियों का उदाहरण देकर आचार्य श्री ने कहा कि धर्ममार्ग आने वाली मुश्किलें वो औजार होते है जो हमें धर्म की राह पर अग्रसर व बेहतर बनाते हैं। जब हम कर्म, जन्म व धर्म से जैन बनेंगे तभी इस जन्म में धर्म पाना सार्थक होगा।



# अंतरिक्ष महातीर्थ पर जिनालय और दादावाड़ी निर्माण के लिए हुआ भूमि शुद्धिकरण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जिनदत्तकुशलसूरी खरतरगच्छ पेढ़ी के तत्वावधान में खरतरगच्छाधिपति जिनमणिप्रभसूरीश्वरजी की प्रेरणा से चैत्र नववर्ष के प्रथम दिन पन्यासश्री परमहंसविजय जी की निश्रा में अंतरिक्ष महातीर्थ आकोला (महाराष्ट्र) पर 60 हजार वर्ग फीट भूमि पर जिनालय और दादावाड़ी का भूमि शुद्धिकरण किया गया। इस भूमि पर भूमिपूजन व शिलान्यास आयोजित कर जिनालय, दादावाड़ी, पुस्तकालय, संग्रहालय, धर्मशाला, भोजनशाला और भी विविध आयामों का आगाज होगा। कार्यक्रम में पेढ़ी के ट्रस्टी बेंगलूरु निवासी कुशलराज गुलेच्छा ने शुद्धिकरण पूजा की। उन्होंने कहा कि गुरुदेव के सपने को हमें साकार करना है।

मुंबई से प्रदीप श्रीश्रीमाल ने कहा कि सभी प्राचीन तीर्थो में दादावाड़ी होती ही थी और उसी तर्ज पर यहां दादावाड़ी का निर्माण होगा। इस मौके पर हाड़ेचा के बाल मुमुक्षु श्री विदित मेहता अपने परिवार के साथ उपस्थित थे। मुमुक्षु परिवार का सम्मान किया गया।

इस मौके पर पन्यासश्री परमहंसविजयजी को ट्रस्ट की ओर से काम्बली अर्पण की गई। पन्यासश्री ने कहा कि अंतरिक्ष दादा के महाप्रभाव से यहां जिनालय और दादावाड़ी का निर्माण होना यहां की शोभा में अभिवृद्धि करेगा।

उन्होंने सभी विधि विधान कर भूमि मालिकों से भूमि अधिग्रहण और भूमि शुद्धिकरण करवाया। इस मौके पर बेंगलूरु, सूरत, नागपुर, नंदूरबार, बीकानेर सहित स्थानीय अकोला, से श्रद्धालु उपस्थित थे। अंत में बडी शांति और मांगलिक का पाठ कर कार्यक्रम सम्पन्न हुआ ।



# मंच संचालन को लेकर कार्यशाला का आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोयम्बटूर। स्थानीय गांधीपार्क स्थित तेरापंथ भवन में बुधवार को कोयंबटूर तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में 'कनेक्ट डोर टू डोर' कार्यक्रम के तहत सृजन एसोसिएशन संस्था के साथ मिलकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता कवि डॉ आदित्य शुक्ल रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण से हुई महिला मंडल की सदस्यों ने मंगलाचरण किया। स्थानीय मंडल की अध्यक्ष मंजू सेठिया ने आगंतुकों का स्वागत किया।

सृजन के उपाध्यक्ष गुलाब मेहता ने मुख्य अतिथि कवि डॉ आदित्य शुक्ल की प्रतिभाओं बारे में बताया। कन्या मंडल की स्नेहा बैद ने डॉ आदित्य शुक्ल का परिचय दिया। डॉ आदित्य ने बहुत ही सरलता से समझाया कि मंच का संचालन कैसे निडरता के साथ करना चाहिए। श्रोता को ज्यादा महत्व देना चाहिए्। उन्होंने यह भी समझाया कि श्रोता और वक्ता के बीच में मंच संचालक ही एक कड़ी हैं। जो कार्यक्रम को बांधे रख सकता है। संचालन कार्यक्रम में युवती सहभागी बने। सबने अपनी-अपनी राय दी। इस मौके पर युवतियों की अच्छी उपस्थिति रही। धन्यवाद ज्ञापन महिला मंडल की मंत्री सुमन सुराणा ने दिया। इस कार्यक्रम का संचालन कन्या मंडल स्नेहा बैद ने किया।

# जैन धर्मगुरु लोकेश मुनि को अमेरिका में किया गया सम्मानित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

वाशिंगटन/भाषा। भारत के जैन धर्मगुरु लोकेश मुनि को जनता के कल्याण और मानवता के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए अमेरिका के 'प्रेसिडेंट्स गोल्ड वालेंटियर सर्विस' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। भारत में 'अहिंसा विश्व भारती एवं विश्व शांति केंद्र' के संस्थापक मुनि को मंगलवार को अमेरिका के संसद भवन में डेमोक्रेटिक सांसद ब्रैड शर्मन ने इस पुरस्कार से सम्मानित किया। राष्ट्रपति जो बाइडन के हस्ताक्षर वाले प्रशस्तिपत्र में कहा गया,'' मैं जन कल्याण में आपके योगदान के लिए आपको मुबारकबाद देता हूं साथ ही इस महान देश और मानवता की सेवा के लिए आपका आभार व्यक्त करता हूं।'' 'प्रेसिडेंट्स वॉलेंटियर सर्विस अवार्ड' का चयन अमेरिकी सरकार की एक स्वतंत्र एजेंसी 'अमेरीकॉर्प्स' करती है। प्रशस्तिपत्र में कहा गया है,'' अमेरिका की कहानी हममें से किसी एक पर आधारित नहीं है और न ही हममें से कुछ पर, बल्कि यह हम सब पर आधारित है। जन कल्याण का जिम्मा खुद ही संभालने के लिए मैं आपको बधाई देता हूं और आपको 'प्रेसिड़ेंट्स गोल्ड वॉलेंटियर सर्विस अवार्ड' प्रदान करके इस देश में 500 घंटों की सेवा को रेखांकित करते हुए गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। '' जैन मुनि ने कहा कि उनको प्रदान किया गया पुरस्कार जैन धर्म के सिद्धांतों, इसके संस्थापक भगवान महावीर और समृद्ध भारतीय संस्कृति का सम्मान है। जैन मुनि ने राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रति आभार व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि अमेरिका और भारत मानवता के कल्याण के लिए मिलकर काम करना जारी रखेंगे।

# आमंत्रण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के जैन युवा संगठन के अध्यक्ष जैन महेंद्र बागरेचा के नेतृत्व में मंत्री मदन मुनोत, सहमंत्री विशाल गुगलिया, अतिथि आमंत्रण समिति चेयरमैन कुशल डूंगरवाल, सहचेयरमैन मोनीश मुथा, आशीष तालेडा एवं सेवा ट्रस्ट के सहमंत्री कमल पुनमिया ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडुराव से मुलाकात कर श्रमण भगवान महावीर स्वामी के 2623वें जन्म कल्याणक महोत्सव में विशेष अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। सदस्यों ने मंत्री को महोत्सव की जानकारी दी तथा महोत्सव हेतु फ्रीडम पार्क उपलब्ध करवाने के लिए धन्यवाद दिया।

# तेयुप विजयनगर के सदस्यों ने किए आचार्यश्री महाश्रमण के दर्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के तेरापंथ युवक परिषद विजयनगर द्वारा 51 सदस्यीय गुरुदर्शन यात्रा संघ का आयोजन किया। सदस्यों ने पूना में आचार्यश्री महाश्रमणजी के दर्शन किए व आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर आचार्यश्री महाश्रमणजी ने प्रवचन के दौरान समय प्रबंधन को जीवन में उतारने की विशेष प्रेरणा दी। 51 सदस्यीय गुरु दर्शन यात्रा संघ को आचार्य महाश्रमण जी ने भावना अनुसार त्याग प्रत्याख्यान (संकल्प पत्र) करवाए। इस अवसर पर अभातेयुप के अध्यक्ष रमेश डागा, उपाध्यक्ष पवन मांडोत सहित बेंगलूरु संभाग प्रमुख, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष विमल कटारिया एवं संघ यात्रा संयोजक अमित दक, तेयुप अध्यक्ष राकेश पोखरणा, सभा अध्यक्ष प्रकाश गांधी, मंत्री कमलेश चौपड़ा आदि अनेक सदस्य उपस्थित थे। सदस्यों ने आचार्यश्री सहित साध्वी प्रमुखा विश्रुतप्रभाजी, मुख्य मुनि, युवक परिषद के आध्यात्मिक पर्यवेक्षक योगेश मुनिजी आदि संतों के दर्शन किए।

# उत्तरप्रदेश अग्रवाल सेवा समाज ने मनाया होली स्नेह मिलन

बेंगलूरु। उत्तरप्रदेश अग्रवाल सेवा समाज ने रविवार को गांधीनगर स्थित वैष्णव समाज भवन में होली मिलन का आयोजन किया गया । इस अवसर पर पूजन कर समाज के लोगों द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का वाचन किया गया। इस अवसर महेशचंद अग्रवाल, नरेन्द्र गर्ग, अध्यक्ष देवेन्द्रकुमार जिंदल, मंत्री धर्मेंद्र गुप्ता, हृदेश गुप्ता, दिनेश मित्तल, विनयकुमार गोयल, राजेंद्र गुप्ता, सुरेश मित्तल, संदीपकुमार, मनोहरलाल गुप्ता, अशोक गुप्ता, सूरज अग्रवाल सहित महिला सदस्याओं ने एक दूसरे को होली पर्व की शुभकामनाएं दी।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.